Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच


वर्षः 6 अंकः 171 | सोमवार, 23 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## दुनियाभर में चिंता

# अमेरिका के हमले के बाद ईरान बंद करेगा स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज समुद्री मार्ग !

**नई दिल्ली।**

पिछले कुछ हफ्तों से मिडिल-ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर में चिंता का माहौल है। हाल ही में अमेरिका द्वारा ईरान के तीन न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले के बाद खबरें आई हैं कि ईरान स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को बंद करने की योजना बना रहा है। यह वही समुद्री मार्ग है जिससे दुनिया का लगभग 20% तेल और गैस की आपूर्ति होती है। भारत भी इस स्थिति पर बारीकी से नजर बनाए हुए है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि हम बीते दो हफ्तों से मिडिल-ईस्ट की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।



केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाई है और अब हमारी बड़ी मात्रा में तेल आपूर्ति स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के रास्ते नहीं आती। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि हमारी तेल विपणन कंपनियों के पास कई हफ्तों तक की सप्लाई मौजूद है और अन्य रास्तों से ऊर्जा आपूर्ति जारी है। हम अपने नागरिकों को ईंधन की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से कहा कि अगर कच्चे तेल की कीमतें 105 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाती हैं, तो सरकार ईंधन पर लगने वाले उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) की समीक्षा कर सकती है। यह निर्णय आम जनता को राहत देने और महंगाई पर नियंत्रण बनाए रखने की दिशा में एक कदम हो सकता है।

### तेल की कीमतों पर असर की संभावना

- अगर स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज एक हफ्ते से ज्यादा समय तक बंद रहा तो इसका सीधा असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा और भारत भी इसके दुष्प्रभाव से अछूता नहीं रहेगा।
- एक सूत्र ने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह संकट अल्पकालिक होगा और स्थिति जल्द सामान्य हो जाएगी।
- भारत ने हाल के वर्षों में रूस से भी तेल आयात करना शुरू किया है, लेकिन यह आयात केवल तभी फायदेमंद रहता है जब वहां से मिलने वाली छूट और वैश्विक तेल कीमतें अनुकूल हों।

## भारतीय विज्ञानियों ने किया कमाल

# पानी से ग्रीन हाइड्रोजन बनाने वाला उपकरण किया विकसित

**नई दिल्ली।**

लगातार गर्म होती धरती को बचाने के लिए भारत केवल हवा हवाई बातें नहीं करता बल्कि अपने कदमों से साबित करता है कि भारतीय यूं ही धरती को माता नहीं कहते। भारत ने न केवल आगे बढ़कर 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है बल्कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कई कदम उठा रहा है। इसी सिलसिले में भारतीय विज्ञानियों ने ऐसा उपकरण बनाया है जिससे सौर ऊर्जा का उपयोग करके पानी से ग्रीन हाइड्रोजन बनाया जा सकेगा। गौरतलब है कि ग्रीन हाइड्रोजन सबसे स्वच्छ ईंधनों में से एक है, जो उद्योगों को कार्बन उत्सर्जन से मुक्त करने, वाहनों को चलाने और अक्षय ऊर्जा संग्रहीत करने में सक्षम है, किंतु ग्रीन हाइड्रोजन बनाने में काफी फंड की जरूरत होती है। अब तक ग्रीन हाइड्रोजन बनाने का किफायती उपकरण या तरीका नहीं था। इस उपकरण को विकसित




कर भारतीय विज्ञानियों ने एक बार फिर अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। साबित किया कि फंड की कमी में भी भारतीय बेहतरीन परिणाम दे सकते हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्त संस्थान, सेंटर फार नैनो एंड साफ्ट मैटर साइंसेज (सीईएनएस), बेंगलुरु के विज्ञानियों की टीम ने अगली पीढ़ी का यह उपकरण विकसित किया है, जो जीवाश्म ईंधन या महंगे संसाधनों पर निर्भर किए बिना, केवल सौर ऊर्जा और पृथ्वी पर प्रचुर मात्रा में मौजूद सामग्रियों का उपयोग करके पानी के अणुओं से ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करता है। इस उपकरण ने असाधारण दीर्घकालिक स्थिरता का प्रदर्शन किया, क्षारीय परिस्थितियों में 10 घंटे से अधिक समय तक लगातार काम किया और प्रदर्शन में गिरावट केवल चार प्रतिशत रही जो एसआइ-आधारित फोटोइलेक्ट्रोकेमिकल सिस्टम में दुर्लभ उपलब्धि है।

# घाटी में आठ दिन पहले मानसून की दस्तक, 27 जून तक ऑरेंज अलर्ट

**जम्मू।**

इस बार मानसून सामान्य तारीख 30 जून से आठ दिन पहले पहुंचा है। बीते दो दिन से जम्मू संभाग के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने 25 से 27 जून के बीच प्रदेश के कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जम्मू कश्मीर में रविवार को मानसून ने दस्तक दे दी। इस बार मानसून सामान्य तारीख 30 जून से आठ दिन पहले पहुंचा है। बीते दो दिन से जम्मू संभाग के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने 25 से 27 जून के बीच प्रदेश के कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसमें 115 से 204 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है। खराब मौसम में संभावित क्षेत्रों में भूस्खलन, पहाड़ों से पत्थर गिरने और बाढ़ का खतरा रहेगा। जम्मू संभाग के जम्मू, रामबन, रियासी, उधमपुर, सांबा, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़ और कश्मीर के अनंतनाग जिले में ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए आपात प्रबंधन मजबूत करने के लिए कहा गया है। विभाग के निदेशक डॉ. मुख्तियार अहमद ने प्रदेश में सामान्य समय से पहले मानसून के पहुंचने की पुष्टि की है।



## हरदीप पुरी बोले

# मध्य पूर्व तनाव का भारत की ईंधन आपूर्ति पर असर नहीं

**नई दिल्ली।**

ईरान और इस्राइल के बीच चल रहे संघर्ष के चलते पैदा हुई ईंधन आपूर्ति की चिंताओं के बीच केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, भारत की ईंधन आपूर्ति सुरक्षित है और आम नागरिकों को किसी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। मध्य पूर्व में लगातार बिगड़ती भू-राजनीतिक स्थिति के बीच केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को कहा कि भारत की ईंधन आपूर्ति सुरक्षित है और आम नागरिकों को किसी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हरदीप सिंह पुरी ने एक ट्वीट में लिखा, पिछले दो हफ्तों से हम मध्य पूर्व में बदलती भू-राजनीतिक स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, हमने बीते वर्षों में अपने आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाई है और अब हमारी बड़ी मात्रा में आपूर्ति होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते नहीं आती। उन्होंने आगे कहा कि भारत की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के पास कई हफ्तों की आपूर्ति मौजूद है, और उन्हें कई वैकल्पिक मार्गों से ऊर्जा आपूर्ति मिलती रहेगी। पुरी ने आश्वासन दिया, हम अपने नागरिकों को ईंधन की आपूर्ति की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। भारत के कुल आयात 5.5 मिलियन बैरल प्रति दिन (बीपीडी) में से लगभग 2 मिलियन बीपीडी कच्चा तेल इसी संकीर्ण जलमार्ग से होकर गुजरता है। हालांकि भारत के पास रूस से लेकर अमेरिका और ब्राजील जैसे विविध स्रोत मौजूद हैं, जो किसी भी कमी को आसानी से पूरा कर सकते हैं। पुरी ने कहा, कीमतों को लेकर अनुमान लगाना बहुत कठिन है। काफी समय तक तेल की कीमत 65 से 70 डॉलर प्रति बैरल के बीच रही, फिर 70 से 75 के बीच रही। आज रविवार है। कल जब बाजार खुलेंगे तो हॉर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के प्रभाव बाजार पर दिख सकता है। उन्होंने आगे कहा, लेकिन जैसा कि मैं पहले भी कहता रहा हूं, वैश्विक बाजार में पर्याप्त मात्रा में तेल उपलब्ध है। पश्चिमी गोलार्ध से लगातार अधिक तेल आ रहा है।



# यूएन पहुंचा ईरान-इस्राइल संघर्ष

**न्यूयॉर्क।**

अमेरिका की तरफ से ईरान पर किए गए हमले के बाद रूस, चीन और पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल और बिना शर्त युद्धविराम का मसौदा प्रस्ताव पेश किया है। वहीं तनाव पर यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि वह अमेरिकी हमलों से चिंतित हैं। अब इस बात का खतरा बढ़ रहा है कि इस्राइल-ईरान संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर हो सकता है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, रूस, चीन और पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक तत्काल और बिना शर्त युद्धविराम का मसौदा प्रस्ताव पेश किया है। इस प्रस्ताव का उद्देश्य क्षेत्र में शांति स्थापित करना और किसी भी तरह की सैन्य



कार्रवाई को रोकना है। इस प्रस्ताव में तीनों देशों ने मांग की है कि सभी पक्ष तुरंत युद्ध बंद करें और बातचीत के माध्यम से विवाद का हल निकालें। यह कदम अमेरिका की तरफ से ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद आया है, जिसने पूरे क्षेत्र में हालात को और तनावपूर्ण बना दिया है। इस बीच, अमेरिका ने चीन से अपील की है कि वह ईरान को समझाए कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद न करे।

# सीरिया की राजधानी दमिश्क में चर्च पर हुआ बड़ा आत्मघाती हमला, 15 की मौत

**नई दिल्ली।**

सीरिया की राजधानी दमिश्क के एक चर्च में रविवार को प्रार्थना सभा के दौरान बड़ा आत्मघाती हमला हुआ है। इस हमले में 15 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जिस जगह हमला हुआ है, उसे सीरिया शासन का सबसे सुरक्षित इलाका माना जाता है। सरकारी मीडिया ने इसे कायतार्पूर्ण आतंकी हमला बताया है। हालांकि, अभी तक किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, सीरिया की राजधानी दमिश्क के ड्वैला में स्थित मार एलियास चर्च में




आत्मघाती विस्फोट हुआ, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई। सीरिया सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, हमलावर ने चर्च के अंदर खुद को उड़ा लिया। सीरिया के गृह मंत्रालय ने पुष्टि की है कि ड्वैला के चर्च में हुए आत्मघाती हमले को आतंती संगठन करकर से जुड़े आत्मघाती हमलावर ने अंजाम दिया है।

# इंग्लैंड से दिल्ली आ रही फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी




**नई दिल्ली।**

बर्मिंघम से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की एक फ्लाइट को शनिवार को बम की धमकी मिलने के बाद उसका मार्ग परिवर्तित कर सऊदी अरब के रियाद शहर में सुरक्षित उतारा गया। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने रविवार को एक बयान में कहा कि यात्रियों को रियाद से उनके गंतव्य तक ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। एयरलाइन ने परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपनी उड़ान सेवाओं को अस्थायी रूप से कम कर दिया है। बर्मिंघम से दिल्ली आने वाली उड़ान को मिली थी बम से उड़ाने की धमकी एअर इंडिया ने कहा कि 21 जून को बर्मिंघम से दिल्ली आने वाली उड़ान संख्या एआइ114 को बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद उसे रियाद की ओर मोड़ दिया गया।

# भारतीय नौसेना रूस में स्टेल्थ फ्रिगेट युद्धपोत को करेगी कमीशन

**नई दिल्ली।**

भारतीय नौसेना एक जुलाई को रूस के कैलिनिनग्राद में अपने नवीनतम, विध्वंसक और रडार से बच निकलने में सक्षम बहुद्देशीय स्टेल्थ फ्रिगेट युद्धपोत 'तमाल' का जलावतरण करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस जहाज में 26 प्रतिशत उपकरण स्वदेशी हैं, जिनमें समुद्र और जमीन दोनों पर निशाना साधने के लिए लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस भी शामिल है। यह युद्धपोत 125 मीटर लंबा और 3900 टन वजनी घातक जहाज है। तमाल भारतीय और रूसी अत्याधुनिक तकनीकों एवं युद्धपोत निर्माण में सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों का एक प्रभावशाली मिश्रण है। इस जहाज का नया डिजाइन इसे उन्नत विध्वंसक विशेषताएं प्रदान करता है। भारतीय नौसेना के विशेषज्ञों और रूस के सेवेरनोये डिजाइन ब्यूरो के सहयोग से जहाज की स्वदेशी सामग्री को 26 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। इस युद्धपोत का नाम तमाल रखा गया है, जो देवताओं के राजा इंद्र द्वारा युद्ध के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पौराणिक तलवार का प्रतीक है।



युद्धपोत 125 मीटर लंबा और 3900 टन वजनी घातक जहाज है

### चालक दल में 250 से अधिक कर्मी

यह युद्धपोत पिछले दो दशकों में रूस से प्राप्त किए गए क्रिवाक श्रेणी के फ्रिगेट की श्रृंखला में आठवां घातक जंगी जलयान है। तमाल तुशील श्रेणी का ऐसा दूसरा युद्धपोत है, जो अपने पूर्ववर्ती जहाजों तलवार और तेग श्रेणी का उन्नत संस्करण व गोपनीयता से कार्य करने वाला जलपोत है। इसके चालक दल में 250 से अधिक कर्मी हैं, जिन्होंने रूस के सेंट पीटर्सबर्ग और कैलिनिनग्राद की अत्यंत चुनौतीपूर्ण शीतकालीन परिस्थितियों में कठोर तटीय तथा जलगत प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

## संपादक की कलम से

# ट्रंप का नोबेल दर्द

अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार के लिए इतना क्यों छटपटा रहे हैं क्या उनके आग्रह पर ही पाकिस्तान ने उनके नाम की सिफारिश की है क्या यह हास्यास्पद नहीं है कि जिस देश में आदर्श लोकतंत्र नहीं है और सेना ही सरकार को हांकती है, जिस देश को आतंकवाद की पनाहगाह माना जाता रहा है, जो देश पैसा लेकर किसी भी देश के खिलाफ जेहाद करता रहा हो, जिस देश का रक्षा मंत्री कबूल करता हो कि हमने 30 साल में आतंकियों को पाला–पोसा है, उस देश ने नोबेल



ललित शर्मा
संपादक

शांति पुरस्कार राष्ट्रपति ट्रंप को देने की सिफारिश की है क्या राष्ट्रपति ट्रंप ने शांति, स्थिरता, मानवता, सौहार्द के लिए अमूल्य, अतुलनीय प्रयास किए हैं यदि अमरीकी राष्ट्रपति खुद को नोबेल शांति पुरस्कार के योग्य मानते हैं, तो मध्य–पूर्व में ही, ईरान के इर्द–गिर्द, अमरीका के 16 बड़े सैन्य अड्डे क्यों हैं करीब 60 एकड़ क्षेत्र में घातक, संहारक विमान और 51,000 से अधिक सैनिक क्यों तैनात हैं क्या यह भी शांति के लिए बंदोबस्त किया गया है कमोबेश अमरीका की सीमाएं वहां से काफी दूर हैं। यह अमरीका का साम्राज्यवाद ही है। बुनियादी तौर पर अमरीका हिंसक, युद्धोन्मादी, जनसंहारक देश है। राष्ट्रपति ट्रंप दावा कर रहे हैं कि उन्होंने रवांडा–कांगो के बीच समझौता करवा दिया है, जो सोमवार से प्रभावी हो जाएगा। मिस्र और इथियोपिया में शांति स्थापित कराई है। कोसोवो और सर्बिया के बीच युद्ध रुकवाया है। उन्होंने 15वीं बार यह दावा भी किया है कि भारत और पाकिस्तान के दरमियान हालिया संघर्ष को खत्म कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पाकिस्तान ने भी अपनी सिफारिश में लिखा है कि भारत के साथ संघर्ष में राष्ट्रपति ट्रंप का हस्तक्षेप एक वास्तविक शांतिदूत के रूप में उनकी भूमिका और बातचीत के माध्यम से संघर्ष के समाधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पूरी तरह गलत प्रमाणपत्र है। भारत ने पाकिस्तान के साथ कब बातचीत की थी सैन्य अफसरों का संवाद युद्धविराम के लिए महज औपचारिकता था। नोबेल पुरस्कार कमेटी को ऐसी छद्म और फर्जी सिफारिश करना ही अपराध है। यदि राष्ट्रपति ट्रंप वाकई शांतिदूत हैं, तो फलस्तीन के गाजा में हमले अब भी जारी क्यों हैं वह रूस–यूक्रेन युद्ध समाप्त क्यों नहीं करवा पाए यह तो ट्रंप का मुख्य चुनावी मुद्दा था। इराक, सीरिया, लीबिया, लेबनान, यमन, अफगानिस्तान आदि देशों में अमरीका की युद्धबाज के तौर पर और खुद राष्ट्रपति ट्रंप की क्या भूमिका रही है मौजूदा इजरायल–ईरान युद्ध को ही लें। बीते 10 दिन से भीषण हमले जारी हैं। करीब 700 मौतें हो चुकी हैं। ईरान के 12 से अधिक सैन्य जनरल मार दिए गए हैं। परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं। कितनी इमारतें और प्रतिष्ठान खंडहर कर दिए गए हैं, उनका डाटा अभी उपलब्ध नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि वह इजरायल को युद्ध छोडे को नहीं कहेंगे। यह कौनसा शांतिकर्म है ट्रंप बार–बार बयान बदल रहे हैं। अमरीका युद्ध में संलिप्त भी है और राष्ट्रपति ट्रंप ने दो सप्ताह के बाद कोई फैसला लेने की बात कही है। वह दावा करते रहे हैं कि ईरान परमाणु बम बना रहा है, जबकि उनकी सरकार में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम 2003 में ही बंद करा दिया गया था, लिहाजा ईरान परमाणु बम कैसे बना सकता है ट्रंप ने उनके बयान को खारिज कर दिया, तो तुलसी को भी सफाई देनी पड़ी। यदि ट्रंप वाकई शांतिदूत हैं, तो उनका परमाणु बम से क्या लेना–देना उनके प्रयास होने चाहिए कि युद्ध अविलंब खत्म हो, लेकिन अमरीका की नीयत के मद्देनजर रूस और चीन को चेतावनी देनी पड़ रही है कि अमरीका युद्ध में घुसने की कोशिश न करे।

## उदय किशोर साह



नमन मंच

कविता

विरहा ने जन्म दी काव्य की रचना
भूल गया दिल आज भी यहाँ हँसना
अश्क शब्दों में ढल कर बदल गये
कोरे कागज पे काव्य संवर दिये

दिल की व्यथा व गम का अफसाना
क्या समझेगा ये बेरहम यह जमाना
कितने जख्म दिल को है सताया
दिन रात विरह की आग में सुलसाया

कल तक मिलन की जो करती थी बातें
भूल गई वो पूनम की मदहोश रातें
काँधे पे सहारा लिये बागों में थी आई
दिल की दर्द क्या समझेगी वो हरजाई


कौंन सा मनहूस पल आया था बैगाना
हँस कर ताना दे रहा है बैशरम जमाना
काश ! मोहब्बत का ये कीड़ा ना होता
इन्सां जग में प्रेम में ना तब रोता

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## आचार्य महाप्रज्ञ का 106 वां जन्म दिवस- 23 जून, 2025

# नया मानवः नया विश्व के प्रणेता थे आचार्य महाप्रज्ञ




ललित गर्ग

प्राचीन समय से लेकर आधुनिक समय तक अनेकों साधकों, आचार्यों, मनीषियों, दार्शनिकों, ऋषियों ने अपने मूल्यवान अवदानों से भारत की आध्यात्मिक परम्परा को समृद्ध किया है, उनमें प्रमुख नाम रहा है -आचार्य महाप्रज्ञ। अपने समय के महान् दार्शनिक, धर्मगुरु, संत एवं मनीषी के रूप में जिनका नाम अत्यंत आदर एवं गौरव के साथ लिया जाता है। वे ईश्वर के सच्चे दूत थे, जिन्होंने जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध एक आदर्श समाज रचना का साकार किया है, वे ऐसे क्रांतद्रष्टा धर्मगुरु थे, जिन्होंने देश की नैतिक आत्मा को जागृत करने का भगीरथ प्रयत्न किया। वे एक अनूठे एवं गहन साधक थे, जिन्होंने जन-जन को स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार की क्षमता प्रदत्त की। वे ऊर्जा का एक पूंज थे, प्रतिभा एवं पुरुषार्थ का पर्याय थे। इन सब विशेषताओं और विलक्षणताओं के बावजूद उनमें तनिक भी अहंकार नहीं था। आचार्य महाप्रज्ञ का जन्म हिन्दू तिथि के अनुसार विक्रम संवत 1977, आषाढ़ कृष्ण त्रयोदशी को राजस्थान के झुंझनू जिले के एक छोटे-से गांव टमकोर गाँव में हुआ था, जो इस वर्ष 23 जून, 2025 को हैं।

आचार्य महाप्रज्ञ बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध एवं इक्कीसवीं सदी के प्रारंभ के ऐसे पावन एवं विलक्षण अस्तित्व थे जिन्होंने युग के कैनवास पर नए सपने उतारे, जिन्होंने धर्मक्रांति के साथ व्यक्ति एवं समाजक्रांति का शंखनाद किया। वे व्यक्ति नहीं, संपूर्ण संस्कृति थे। दर्शन थे, इतिहास थे, विज्ञान थे। आपका व्यक्तित्व अनगिन विलक्षणताओं का दस्तावेज रहा है। तपस्विता, यशस्विता और मनस्विता आपके व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व में घुले-मिले तत्त्व थे, जिन्हें कभी अलग नहीं देखा जा सकता। आपकी विचार दृष्टि से सृष्टि का कोई भी कोना, कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा। विस्तृत ललाट, करुणामय नेत्र तथा ओजस्वी वाणी-ये थे आपकी प्रथम दर्शन में होने वाली बा पहचान। आपका पवित्र जीवन, पारदर्शी व्यक्तित्व और उम्दा चरित्र हर किसी को अभिभूत कर देता था, अपनत्व के घेरे में बाँध लेता था। आपकी आंतरिक पहचान थी-अंतःकरण में उमड़ता हुआ करुणा का सागर, सौम्यता और पवित्रता से भरा आपका कोमल हृदय। इन चुंबकीय विशेषताओं के कारण आपके संपर्क में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति आपकी अलौकिकता से अभिभूत हो जाता था और वह बोल उठता था-कितना अद्भुत! कितना विलक्षण!! कितना विरल!!! आपकी मेधा के हिमालय से प्रज्ञा के तथा हृदय के मंदरांचल से अनहद प्रेम और नम्रता के असंख्य झरने निरंतर बहते रहते थे। इसका मूल उद्गम केंद्र था-लक्ष्य के प्रति तथा अपने परम गुरु आचार्य तुलसी के प्रति समर्पण भाव।

आचार्य महाप्रज्ञ को हम बीसवीं एवं इक्कीसवीं सदी के एक ऐसी आलोकधर्मी परंपरा का विस्तार कह सकते हैं, जिस परंपरा को महावीर, बुद्ध, गांधी और आचार्य तुलसी ने आलोकित किया है। अतीत की यह आलोकधर्मी परंपरा धुंधली होने लगी, इस धुंधली होती परंपरा





को आचार्य महाप्रज्ञ ने एक नई दृष्टि प्रदान की थी। इस नई दृष्टि ने एक नए मनुष्य का, एक नए जगत का, एक नए युग का सूत्रपात किया था। इस सूत्रपात का आधार आचार्य महाप्रज्ञ ने जहाँ अतीत की यादों को बनाया, वहीं उनका वर्तमान का पुरुषार्थ और भविष्य के सपने भी इसमें योगभूत बने। प्रेक्षाध्यान की कला और एक नए मनुष्य-आध्यात्मिक-वैज्ञानिक व्यक्तित्व के जीवन-दर्शन को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए वे प्रयत्नशील थे। उनके इन प्रयत्नों में न केवल भारत देश के लोग बल्कि पश्चिमी राष्ट्रों के लोग भी जीवन के गहरे रहस्यों को जानने और समझने के लिए उनके इर्द-गिर्द देखे गये थे। आचार्य महाप्रज्ञ ने उन्हें बताया कि ध्यान ही जीवन में सार्थकता के फूलों को खिलाने में सहयोगी सिद्ध हो सकता है।

आचार्य महाप्रज्ञ जितने दार्शनिक थे, उतने ही बड़े एवं सिद्ध योगी भी थे। वे दर्शन की भूमिका पर खड़े होकर अपने समाज और देश की ही नहीं, विश्व की समस्याओं को देखते थे। जो समस्या को सही कोण से देखता है, वही उसका समाधान खोज पाता है। आचार्यश्री जब योग की भूमिका पर आरूढ़ होते थे, तो किसी भी समस्या को असमाहित नहीं छोड़ते। उन्होंने हिंसा, आतंक एवं युद्ध की समस्या के समाधान के लिये राजनीति, समाज और धर्म के लोगों मिल-जुलकर प्रयत्न करने का आह्वान किया। इसी ध्येय को लेकर उन्होंने समान विचारधारा के लोगों को एक मंच पर लाने का प्रयत्न किया और उसे नाम दिया अहिंसा समवाय।

आचार्य महाप्रज्ञ ने मानव चेतना के विकास के हर पहलू को उजागर किया। कृष्ण, महावीर, बुद्ध, जीसस के साथ ही साथ भारतीय अध्यात्म आकाश के अनेक संतों-आदि शंकराचार्य, कबीर, नानक, रैदास, मीरा आदि की परंपरा से ऐसे जीवन मूल्यों को चुन-चुनकर युग की त्रासदी एवं उसकी चुनौतियों को समाहित करने का अनूठा कार्य उन्होंने किया। जीवन का ऐसा कोई भी आयाम नहीं है जो उनके प्रवचनों/विचारों से अस्पर्शित रहा हो। योग, तंत्र, मंत्र, यंत्र, साधना, ध्यान आदि के गूढ़ रहस्यों पर उन्होंने सविस्तार प्रकाश डाला है। साथ ही राजनीति, कला, विज्ञान, मनोविज्ञान, दर्शन, शिक्षा, परिवार, समाज, गरीबी, जनसंख्या विस्फोट, पर्यावरण, हिंसा, जातीयता, राजनीतिक अपराधीकरण, लोकतंत्र की विसंगतियों, संभावित परमाणु युद्ध का विश्व संकट जैसे अनेक विषयों पर भी अपनी क्रांतिकारी जीवन-दृष्टि प्रदत्त की है।

जीवन के नौवें दशक में आचार्य महाप्रज्ञ का विशेष जोर अहिंसा पर रहा। इसका कारण सारा संसार हिंसा के महाप्रलय से भयभीत और आतंकित होना था। जातीय उन्माद, सांप्रदायिक विद्वेष और जीवन की प्राथमिक आवश्यकताओं का अभाव-ऐसे कारण थे जो हिंसा को बढ़ावा दे रहे थे और इन्हीं कारणों को नियंत्रित करने के लिए आचार्य महाप्रज्ञ प्रयत्नशील थे। इन विविध प्रयत्नों में उनका एक अभिनव उपक्रम था-अहिंसा यात्रा। अहिंसा यात्रा ऐसा आंदोलन बना, जो समूची मानव जाति के हित का चिंतन कर रहा था। अहिंसा की योजना को क्रियान्वित करने के लिए ही उन्होंने पदयात्रा के सशक्त माध्यम को चुना। चरैवेति-चरैवेति चरन्वै मधु विंदति उनके जीवन का विशेष सूत्र बन गया था। इस सूत्र को लेकर उन्होंने पाँच दिसंबर, 2005 को राजस्थान के सुजानगढ़ क्षेत्र से अहिंसा यात्रा को प्रारंभ किया।

# गले में डंक, दिल में सन्नाटाः मधुमक्खी से मृत्यु और मानव की नाजुकता



प्रियंका सौरभ

लंदन में उद्योगपति संजय कपूर की मृत्यु एक मधुमक्खी के डंक से हुई यह घटना एक साधारण प्राणी द्वारा जीवन लीने की असाधारण त्रासदी बन गई। इस अप्रत्याशित मौत ने आधुनिक विज्ञान की सीमाओं, मानव शरीर की नाजुकता और स्वास्थ्य आपात स्थितियों को लेकर समाज की लापरवाही को उजागर किया है। यह सिर्फ एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं, बल्कि चेतावनी है कि प्रकृति के छोटे खतरे भी बड़े परिणाम ला सकते हैं। क्या हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था ऐसी आपात स्थितियों के लिए तैयार है? यह सवाल अब टाला नहीं जा सकता। 12 जून 2025 को लंदन के एक पोलो मैदान में जब उद्योगपति संजय कपूर घोड़े पर सवार थे, किसी ने नहीं सोचा था कि प्रकृति का एक नन्हा जीव मधुमक्खी उनका जीवन लील लेगी। न गोली चली, न विस्फोट हुआ, न किसी ने जानबूझ कर हमला किया। बस एक मधुमक्खी उड़ती हुई उनके मुंह में घुस गई, जिसने या तो उनके गले में डंक मारा या श्वास नली में अवरोध पैदा कर दिया। इसके बाद आए हार्ट अटैक से संजय कपूर की मृत्यु हो गई।

सवाल यह है क्या इतनी सी बात से मृत्यु संभव है?

जवाब है हां, और यह हमारे समय की एक क्रूर सच्चाई है।

जब जीवन और मृत्यु के बीच सिर्फ एक डंक हो हम आधुनिक युग में जी रहे हैं। स्मार्टफोन से लेकर अंतरिक्ष यान तक हम सबकुछ नियंत्रित करने का दावा करते हैं। मगर संजय कपूर की मृत्यु हमें यह याद दिलाती है कि मानव शरीर कितना नाजुक है और प्रकृति कितनी अपराजेय। मधुमक्खी, जिसे आम तौर पर हम सिर्फ शहद बनाने वाली एक शांत प्राणी के रूप में जानते हैं, यदि गलती से गले में चली जाए और डंक मार दे, तो यह सीधे श्वास नली को अवरुद्ध कर सकती है। इसके अलावा यदि व्यक्ति को एपिटॉक्सिन नामक जहर से एलर्जी हो, तो एनाफिलेक्सिस जैसी स्थिति जानलेवा हो सकती है।

क्या यह पहली घटना है? नहीं! पर दुर्लभ है

माना जा रहा है कि संजय कपूर की मौत गले में मधुमक्खी के डंक और फिर एनाफिलेक्सिस की प्रतिक्रिया से हुई। हालाँकि उनकी कंपनी ने आधिकारिक रूप से सिर्फ हार्ट अटैक को कारण बताया, मगर करीबी मित्रों ने मधुमक्खी निगलने की घटना की पुष्टि की। ऐसे मामले दुनिया में पहले भी दर्ज हुए हैं, लेकिन वे बहुत दुर्लभ होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मधुमक्खियों और ततैयों के डंक से हर साल लगभग 50,000 मौतें होती हैं। इनमें से अधिकांश एनाफिलेक्सिस या एक साथ कई डंक से होती हैं। गले में डंक से मृत्यु के मामले कम होते हैं लेकिन होते जरूर हैं। भारत में 2021 में उत्तर प्रदेश के एक किसान की मृत्यु भी मधुमक्खियों के झुंड के हमले से हुई थी, जब उनके गले और चेहरे पर डंक लगे और श्वास लेने में तकलीफ हुई।

नेटफ्लिक्स, कल्पना और असलियत का टकराव

दिलचस्प बात यह है कि इस तरह की घटना नेटफ्लिक्स की मशहूर सीरीज ब्रिजरटन के दूसरे सीजन में दिखाई गई थी, जिसमें काउंट एडमंड ब्रिजरटन की मौत एक मधुमक्खी के डंक से होती है। वह दृश्य एक पटकथा थी लेकिन अब वही दृश्य वास्तविकता बन चुका है। यह कल्पना और जीवन की भयानक समानता का नमूना है।

प्रकृति की चेतावनी और विज्ञान की सीमाएं

इस घटना को एक व्यक्तिगत त्रासदी के रूप में देखने की बजाय इसे एक प्रतीकात्मक चेतावनी समझना जरूरी है। हमने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में इतनी प्रगति की है कि दिल खोल कर शौर्य से बात कर सकते हैं, लेकिन जब एक मधुमक्खी इंसान की जान ले सकती है, तो हमें याद रखना चाहिए कि हम अभी भी प्रकृति के सामने बेहद कमजोर हैं।

हमने मिसाइलें बना ली हैं, रोबोट तैयार कर लिए हैं, लेकिन एनाफिलेक्सिस जैसी एलर्जी के प्रति आज भी अधिकांश लोगों में जागरूकता की कमी है। भारत जैसे देशों में तो एपिनेफ्रिन (एर्स्रढील्ल) जैसी जीवन रक्षक दवाएं आम लोगों की पहुंच से बाहर हैं।

हेल्थ इमरजेंसी की उपेक्षा क्यों?

हम आज भी हेल्थ इमरजेंसी को गंभीरता से नहीं लेते। एम्बुलेंस समय पर नहीं आती, मेडिकल स्टाफ ट्रेन नहीं होता, और एलर्जी जैसी छोटी समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है। संजय कपूर की मृत्यु एक अमीर आदमी की दुखद कहानी है। कल्पना कीजिए कि अगर यही घटना किसी गरीब मजदूर के साथ हुई होती, तो शायद हम खबर तक नहीं पढ़ते।

भारत और दुनिया के कई हिस्सों में स्वास्थ्य व्यवस्था अभी भी मूलभूत प्राथमिकताओं से जूझ रही है। गांवों में एंटी एलर्जिक दवाएं, एयरवे ऑब्स्ट्रक्शन के लिए मेडिकल किट, प्रशिक्षित पैरामेडिक्स आदि तक नहीं हैं। शहरी क्षेत्र बेहतर हैं, लेकिन वहाँ भी बहुत कम लोग एर्स्रढील्ल लेकर चलते हैं खासकर वे जिन्हें मधुमक्खी के डंक से एलर्जी है।

# पिछड़ता उच्च शिक्षा का स्तर

देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था उदारीकरण के बाद आगे तो बढ़ी, लेकिन उसी गति से उसमें गुणवत्ता विकसित नहीं हो पाई। उदारीकरण के तीन दशक पूरे हो चुके हैं, मगर इसका लाभ उच्च शिक्षा में केवल कमाई के अवसर के रूप में देखा गया। खास यह भी है कि तकनीकी शिक्षा के लिए आल इंडिया काउंसिल आफ टेक्निकल एजुकेशन (एआइसीटीई) को मानक तय करने के लिए 1987 में बनाया गया था। इसके नियमों की खूब अवहेलना हुई। समय के साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) भी नकेल कसने में कम ही । कम ही कामयाब रहा। आकर्षक विज्ञापनों और चमचमाते सपनों के साथ साथ युवाओं के हाथ में उच्च शिक्षण संस्थाओं ने डिग्रियां तो खूब थमाईं, पर कौशल के मामले में वे खोखले ही । रह गए। यूजीसी की वेबसाइट को खंगालें, तो मौजूदा समय में सभी प्रारूपों में 1200 से अधिक विश्वविद्यालय हैं, जिनमें 57 केंद्रीय और 502 राज्य विश्वविद्यालय हैं। सभी उच्च शिक्षण संस्थान और इनसे जुड़े कालेज हर साल तकरीबन चार करोड़ से अधिक युवाओं की तकदीर बनाते हैं। ऐसे संस्थान स्थापित करने के लिए बहुत बड़ी राशि की आवश्यकता पड़ती है। निराशा की बात यह है कि इनमें कई संस्थान शिक्षा को धन उगाही का जरिया बना लेते हैं और डिग्रियां बांटना एक तरह से कारोबार बन जाता है। असल में शिक्षा कोई रातों-रात विकसित होने वाली व्यवस्था नहीं है। वैश्वीकरण के बाद उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई दरवाजे खुले मगर व्यावहारिक तौर पर अब ये विफल दिखाई देते हैं। भारत में विगत तीन दशकों शिक्षा संस्थानों के प्रति काफी नरमी बरती जा रही है और शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट की मुख्य वजह भी यही है भारत सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है। संसार की सबसे बड़ी युवा आबादी यहीं है। जिस गति से शिक्षा लेने वालों की संख्या यहां बढ़ी, शिक्षण संस्थाएं उससे तालमेल नहीं बैठा पाईं। कुछ क्षेत्रों में बिना किसी त के कमाने वाली शिक्षण संस्थाओं की बाढ़ आ गई। इंजीनियरिंग कालेज इसी तर्ज पर पर विकसित हुए और यह बात तब और पुख्ता हो जाती है, जब आंकड़े बताते हैं कि देश देश में इंजीनियरिंग की सफलता दर आम तौर पर दस फीसद से अधिक नहीं होती है जबकि हर साल 15 लाख इंजीनियरिंग स्नातक कालेजों से निकलते हैं। इतना ही नहीं 40 फीसद आइआइटी स्नातक भी नौकरी पाने में असफल रहे 'इंडियाज ग्रेजुएट स्किल्स इंडेक्स' के अनुसार, देश देश में वर्ष 2024 में लगभग 57 फीसद स्नातकों के पास आवश्यक कौशल नहीं है। सवाल उठता है कि शैक्षणिक वातावरण हमारे यहां कैसा है। अब शिक्षण संस्थानों को सुशासन के मार्ग की ओर ले जाने की जरूरत है। उच्च शिक्षा को लेकर दो प्रश्न उभरते हैं। पहला यह कि क्या विश्व परिदृश्य में तेजी से बदलते घटनाक्रम के बीच उच्चतर शिक्षा, शोध और ज्ञान के विभिन्न संस्थान स्थिति के अनुसार बदल रहे हैं? दूसरा क्या अर्थव्यवस्था, दक्षता और प्रतिस्पर्धा के प्रभाव में शिक्षा को तकनीक से जोड़ने का कोई बड़ा लाभ मिल रहा है यदि हां, तो सवाल यह भी है कि क्या परंपरागत मूल्यों और उद्देश्यों का संतुलन इसमें बरकरार है? विभिन्न विश्वविद्यालयों में शुरू में ज्ञान के सृजन का हस्तांतरण भूमंडलीय हिस्सेदारी के आधार पर हुआ था। धीरे-धीरे बाजारवाद के कारण शिक्षा गुणवत्ता के मामले में पिछड़ती गई। वर्तमान में तो इसे बाजारवाद और व्यक्तिवाद के संदर्भ में परखा और जांचा जा रहा है। तमाम ऐसे कारकों के चलते उच्च शिक्षा सवालों में घिरती चली गई। देश में उच्च शिक्षा की स्थिति चिंताजनक क्यों हुई, इसे समझना होगा। ऐसा इसलिए हुआ कि इस क्षेत्र में उन मानकों को कहीं अधिक ढीला छोड़ दिया गया, जिसे लेकर एक निश्चित नियोजन होना चाहिए था। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता तभी आती है, जब इसे शोधपरक बनाने का प्रयास किया जाता है न कि रोजगार जुटाने मात्र का जरिया बनाया जाता है। निजी विश्वविद्यालय फीस वसूलने में पूरा दम लगाए रखते हैं, पर उच्च शिक्षा के प्रति इनकी प्रतिबद्धता कम ही दिखती है। कोई दो मत नहीं कि यहां शिक्षा एक व्यवसाय है, इसका अपना एक आकर्षण है। ऐसा लगता है कि अब तो आनलाइन व्यवस्था में शिक्षण संस्थान मोबाइल और लैपटाप में सिमट चुके हैं। पाइल आ तीन नवंबर 2017 को सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक निर्णय में विश्वविद्यालयों के दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रमों पर सवाल उठाया था। शीर्ष अदालत ने उड़ीसा हाईकोर्ट के इस फैसले को कि पत्राचार के जरिए तकनीकी शिक्षा सही है, उसे खारिज करते हुए स्पष्ट कर दिया था कि किसी भी प्रकार की तकनीकी शिक्षा दूरस्थ पाठ्यक्रमों के माध्यम से उपलब्ध नहीं कराई जा सकती। शीर्ष अदालत के इस फैसले से मेडिकल, इंजीनियरिंग और फामेर्सी समेत कई अन्य पाठ्यक्रम जो तकनीकी पाठ्यक्रम की श्रेणी में आते हैं, उन्हें लेकर विश्वविद्यालय अब मनमानी नहीं कर सकते। इतना ही नहीं, इस फैसले से पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस उस निर्णय को भी समर्थन मिलता है जिसमें कंप्यटर विज्ञान में में पत्राचार के माध्यम से ली गई डिग्री को नियमित तरीके से हासिल डिग्री की तरह मानने से इनकार कर दिया [ गया था। कचोटने वाली बात यह भी है कि उच्च शिक्षा के नाम पर चौतरफ अव्यवस्था फैली हुई है।



विजय गर्ग

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कादराबाद बना दिया गया कूड़ा घर

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा





**धामपुर।** भूतपूर्व सैनिकों का मिनी मुख्यालय कहलाने वाले ग्राम कादराबाद स्थित सरकारी अस्पताल की हालत इतनी शर्मनाक हो चुकी है कि वह अब इलाज का नहीं बल्कि गंदगी का प्रतीक बन चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग पिछले कई वर्षों से अस्पताल में डिलिवरी के दौरान नवजात शिशुओं की सफाई के लिए इस्तेमाल होने वाले गंदे कपड़ों का डिलिवरी कक्ष के पास ढेर लगा हुआ है। जिन्हें आज तक वहां से उठाया नहीं गया। दुर्गंध एवं गंदगी फैली हुई है।अस्पताल परिसर में गंदगी का यह आलम है कि अस्पताल के कमरों में शराब की बोतलें और फ्रूटी के पैकेट पड़े हुए हैं, स्वास्थ्य केंद्र अराजकता का अड्डा बन चुका है। सबसे शर्मनाक दृश्य प्रभारी चिकित्सक के आवास का है। आवास में दवाओं और उपकरणों की जगह भूसा भरा हुआ है। क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश फैला हुआ है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि अस्पताल में 24 घंटे कोई डॉ मौजूद नहीं रहता। क्षेत्रवासियों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। जिससे गरीब वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। मौके पर पहुंचे शिवसेना जिला अध्यक्ष चौधरी संजय राणा, कुलदीप सिंह, महेंद्र सिंह, देशपाल, चंद्रपाल, मनवीर सिंह यादव, रजत कुमार, हरि कुमार, तिरपाल सिंह और काले मिस्त्री ने अस्पताल पहुँच कर अस्पताल की दुर्दशा देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि योगी सरकार की नीयत साफ है, लेकिन सरकार के अफसर और कर्मचारी योजनाओं की जड़ें खोद रहे हैं। यहां का हाल देखकर लगता है जैसे अस्पताल नहीं, किसी उपेक्षित गोदाम में कदम रख दिया हो। एएनएम लता नेगी ने बताया कि वह हाल ही में तैनात हुई हैं, और कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने सीएचसी कासमपुर गढी को अस्पताल की स्थिति से अवगत करा दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि इन्वर्टर, पंखा और मरीजों के बैठने की व्यवस्था उन्होंने अपनी स्वंय की निधि से करवाई है। शिव सैनिकों ने चेतावनी दी है कि अगर हालात में जल्दी सुधार नहीं हुआ, तो ज़िलेभर में आंदोलन छेड़ा जाएगा, और यह मुद्दा शासन तक पहुंचाया जाएगा। अब सवाल ये है जब सरकारी अस्पताल भूसे, गंदगी और शराब से भरे हों और डॉक्टर तक मौजूद न हो, तो गरीब जनता अपने इलाज के लिए जाए तो जाए कहां।

# अध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया




वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** टैक्स बार एसो. के सत्र 2025-27 के लिए निर्विरोध कार्यकारिणी की घोषणा चुनाव अधिकारी प्रवीण कुमार भांडा द्वारा की गई। चुनाव अधिकारी ने बताया कि एक जून को चुनाव अधिसूचना जारी की गई थी जिसमें अध्यक्ष पद के लिए कृष्ण मोहन टंडन, उपाध्यक्ष पद के लिए आशीष कमथानिया व अजीम इकबाल खां, संयुक्त सचिव के पद के लिए चेतपाल सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्य में सैयद एमएम रिजवी, पीके चावला, अरविन्द कुमार सिंघल, राजीव अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल उपाध्यक्ष पद छोड़ कर सभी पदों पर केवल एक-एक नामांकन होने से प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये। उपाध्यक्ष पद के लिए आशीष कमथानिया द्वारा अजीम इकबाल खां के समर्थन में नामांकन वापसी के बाद यह पद भी निर्विरोध निर्वाचित माना गया। कार्यक्रम में निर्वतमान अध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया एवं आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए संस्था को अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

# सनी अरोरा को नेपाल में सम्मानित किया गया



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

रामपुर। शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमानः सनी अरोरा को नेपाल में सम्मानित किया गया। रामपुर कॉमर्स शिक्षा को समर्पित रामपुर के शिक्षक सनी अरोरा को नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन में शिक्षक रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें विद्यार्थियों को नवाचारी तरीके से शिक्षित करने और समाज सेवा में उनकी भूमिका के लिए प्रदान किया गया। सनी अरोरा लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। उन्होंने कोविड काल में हजारों विद्यार्थियों को मुफ्त ऑनलाइन कक्षाएं देकर शिक्षा की लौ जलाए रखी। उनका मानना है कि शिक्षा सबका अधिकार है झ्र इसी सोच के तहत वे आज भी आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को मुफ्त शिक्षा दे रहे हैं। यह भव्य आयोजन कलान्तर भारत, वैदिक एजुकेशन मिशन ऑफ इंडिया एवं राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

# थाना गागलहेडी, थाना बेहट, थाना देहात कोतवाली, कोतवाली नगर, थाना सदर बाजार एवम थाना देवबंद प्रभारियों की बडी कार्रवाई

वेलकम इंडिया ,राजीव चौधरी




**सहारनपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र-ऊकऋ अभिषेक सिंह के कड़े एक्शन के चलते एसएसपी रोहित सिंह सजवान,एसपी सिटी व्योम बिंदल एवम एसपी देहात सागर जैन के दिशा निर्देश पर थाना गागलहेडी प्रभारी विनोद कुमार के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी,2 नशा तस्कर अवैध स्मेक के साथ गिरफ्तार,17 ग्राम नाजायज स्मेक बरामद,दोनों का अपराधिक इतिहास भी निकला चौंकाने वाला थाना बेहट प्रभारी सुबे सिंह की पुलिस टीमें भी लगातार कामयाबी की और,एक नशा तस्कर 10 ग्राम अवैध स्मेक के साथ गिरफ्तार थाना देहात कोतवाली प्रभारी कपिल देव की पुलिस टीम ने भी पकड़ा एक शातिर नशा तस्कर,127,54 ग्राम अवैध चरस बरामद कोतवाली नगर प्रभारी सुनील नागर की पुलिस टीम चौकी सराय प्रभारी नरेश सिंह ने पकड़ा एक शराब माफिया,38 फ्रुटी पाऊच ग्रेंड मस्ती देशी शराब बरामद थाना सदर बाजार प्रभारी रोजन्त त्यागी की पुलिस टीम ने पकड़े 3 अवैध असलहा धारक बदमाश,अवैध असहला एवम बाईक बरामद थाना देवबंद प्रभारी धर्मेन्द्र सोनकर की पुलिस टीमो की 7 वारंटियों पर जबरदस्त कार्रवाई,सभी गिरफ्तार थाना गागलहेडी की कमान सम्हालते ही चोर/लूटेरो एवम नशा तस्करी करने वालो पर धड़ाधड़ कार्रवाई कर उन्हें जेल की सलाखें दिखाने वाले थानाध्यक्ष विनोद कुमार के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक शाहनवाज अहमद ने अपनी एक बडी पुलिस टीम के साथ चेकिंग के दौरान खजूरी अंडरपास के नीचे से दो स्मेक तस्करो अभिषेक पुत्र संदीप निवासी ग्राम कोलकी एवम रजनीश उर्फ रज्जन पुत्र कालाराम उर्फ शेर सिंह निवासी गांव कोलकी को अवैध स्मेक के साथ उस समय पकड़ा,जब यह दोनो नशा तस्कर चेकिंग करती पुलिस टीम को देखते ही इधर उधर भागने लगे,लेकिन साहसिक पुलिस टीम ने इनका पीछा करते हुए घेराबंदी के दौरान पकड़ लिया।जिनके कब्जे मोके से 17 ग्राम अवैध स्मेक बरामद की गई।आपको बता दें,कि यह दोनो नशा तस्कर पहले भी एनडीपीएस एक्ट एवम जुआं अधिनियम में जेल जा चुके हैं।इसके अलावा थाना बेहट प्रभारी सुबे सिंह के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक रोबिल्स कुमार एवम अरविंद तोमर ने अपने सहयोगी दल के सहयोग से चेकिंग के दौरान पाजराना मोड़ से एक स्मेक तस्कर आरिफ पुत्र अख्तर निवासी ग्राम पाजराना को 10 ग्राम अवैध स्मेक के साथ किया गिरफतार।

# रामपुर जिला कारागार में योग कार्यक्रम का आयोजन किया



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** योग दिवस के मौके पर रामपुर जिला कारागार में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

योग दिवस मौके पर जिला कारागार में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों द्वारा प्रतिभाग किया गया और विभिन्न प्रकार के योग किये गये। योग कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति से ओमकार सिंह, सुधा शर्मा एवं दीक्षा यादव योग प्रशिक्षक द्वारा 53 पुरूष व 33 महिला बंदियों को योगाभ्यास कराया गया। कारागार की ओर कारागार अधीक्षक राजेश यादव एवं जेलर कुश कुमार सिंह, उप जेलर विनय प्रताप सिंह, सुनील कुमार शुक्ला एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा योग दिवस के मौके पर योगाकार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

# जाट जागरण मंच द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओ को किय सम्मानित



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर :** जाट जागरण मंच द्वारा सागर वेंकट हॉल चांदपुर में मुख्य अतिथि विवेक कुमार जिला जज ग्वालियर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ नरेंद्र तोमर एवं संचालन सचिन अहलावत ने किया। चांदपुर क्षेत्र के अंतर्गत मेधावी छात्र छात्राओं, हाई स्कूल, इंटर इमीडिएट, उत्कृष्ट खेलो में अच्छे अंक प्राप्त किये उन बच्चों को अभिभावक, प्रधानाचार्य आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शम्भू चौधरी पुत्र चौधरी वीर सिंह शिवसेना जिला प्रमुख बिजनौर, डीआईओएस जय करण यादव बिजनौर, एबीएसए चांदपुर, प्रोफेसर डॉ कविता त्यागी लखनऊ यूनिवर्सिटी, जाट जागरण मंच के अध्यक्ष डॉ विकास तोमर, डां कपिल, संयोजक डॉ संदीप चौधरी, डॉ खूब सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# शोक सभा में दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर /पैजनिया।** वरिष्ठ पत्रकार संजय त्यागी के पिता राजवीर सिंह त्यागी के निधन पर आयोजित शोक सभा में उनके परिजनों, मित्रों, सहयोगियों और शुभचिंतकों सहित सैकड़ों लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ पत्रकार संजय त्यागी के निवास पर आयोजित शोक सभा में स्व. राजवीर सिंह त्यागी के मिलनसार स्वभाव, उदारता और दूसरों की मदद करने की भावना की सराहना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार संजय त्यागी, अर्पित त्यागी और उनके परिवार के सदस्यों ने शोक व्यक्त करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया। शोक सभा में दैनिक प्रथम मंच के संपादक राजीव कुमार, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार गौतम, वरिष्ठ पत्रकार संदीप चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. मनोज कटारिया, वरिष्ठ पत्रकार नितिन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सतवेन्दर सिंह गुजराल, मास्टर जोगिंदर सिंह, हर्षित, हितेंद्र प्रकाश त्यागी, अभिषेक त्यागी, दीक्षित त्यागी, विमल त्यागी, शांतनु त्यागी, हिमांशु त्यागी, कमल त्यागी, विमल त्यागी एवं माधव त्यागी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# सिम्भावली पुलिस ने 48 घंटे में दूसरी मुठभेड़ से बदमाशों के छुटे पसीने

वेलकम इंडिया वरिष्ठ पत्रकार हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ में सिंभावली पुलिस बदमाशों पर कहर बनकर टूट रही है इसका अंदाजा 48 घंटे में हुई दूसरी मुठभेड़ से लगाया जा सकता है, हापुड़ एसपी ज्ञानंजय सिंह के निदेर्शानुसार उप निरीक्षक महन्तराज यादव पुलिस बल के साथ नवादा नहर पर चेकिंग कर रहे थे इसी दौरान एक व्यक्ति मोटरसाइकिल अपाछी पर संदिग्ध दिखाई दिया जिसको लेकर पुलिस ने बाइक सवार को रोकने का इशारा किया तो वह रुका नहीं मोटरसाइकिल पीछे मोड़कर भगाने का प्रयास करने लगा इस दौरान पुलिस भी बदमाश का पीछा करने लगी बदमाश ने अपने आप को घिरता देख पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया जिसमें पुलिस द्वारा आत्मसुक्षार्थ में जवाबी फायर किया जिससे अभियुक्त शहजाद सैफी पुत्र बाबू खां निवासी गांव समर गार्डन कॉलोनी खुशहाल नगर गली न02 अनवार कोल्डड्रिंक शॉप के पास थाना लिसाड़ी गेट जनपद मेरठ के बाएं पैर की पिंडली में गोली लगने से घायल हो गया अभियुक्त का नाम पता पूछताछ करने पर जानकारी प्राप्त हुई है अभियुक्त थाना गढ़मुक्तेश्वर से गैंगस्टर अधिनियम में वांछित चल रहा है तथा 25000 का इनामी है जिसे घायल अवस्था में सीएचसी सिखैड़ा मैं भर्ती कराया गया है सिंभावली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है 48 घंटे के अंदर सिंभावली पुलिस की दूसरी मुठभेड़ से अपराधियों में खौफ दिखाई दे रहा है सीओ गढ़मुक्तेश्वर वरुण मिश्रा ने बताया कि पुलिस की मुठभेड़ के बाद फूट-फूट कर रोया आरोपी हाथ जोड़कर अपराध नहीं करने की मांग रहा माफी।

# मोटा महादेव मंदिर पर भंडारे का आयोजन

वेलकम इंडिया महमूद रजा



नजीबाबादभक्तों को सेवा कर पुन्य लाभ कमाया स्वयंभू मोटा महादेव मंदिर हरिद्वार रोड पर हरेंद्र कश्यप जिला संयुक्त संगठन मंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक बिजनौर द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया भंडारे में अनेक क्षेत्रीय नागरिकों ने राहगीरों शिवभक्तों की सेवा की भंडारे का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, चौधरी ईशम सिंह, सदस्य क्षेत्र पंचायत अंकित गिरी, ने संयुक्त रूप से किया इस अवसर पर भंडारे के आयोजकों, उपस्थित भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि भक्तों की सम्बोधित करते हुए कहा कि मन्दिर पर आमजनों राहगीरों की सेवा बहुत पुन्य का काम इस प्रकार के आयोजन समय समय पर होते रहने चाहिए सभी को भंडारे कथा आयोजन करने वालों का सहयोग करना चाहिए मंदिर के पुजारी पंडित शशि नाथ ने अपनी ओर से भंडारे में पधारे सभी अतिथियों भक्तों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया इस आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे सदस्य क्षेत्र पंचायत नजीबाबाद अंकित गिरी ने कहा कि एकादशी के अवसर पर अन्न दान बहुत बड़ा दान है हरेंद्र कश्यप जिला संयुक्त संगठन मंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बिजनौर ने कहा कि हमने से परिवार काफी यह संकल्प लिया था कि हम स्वयंभू मोटा महादेव मंदिर पर सेवा करें आज भगवान की कृपा और आप सबके सहयोग से यह पूर्ण हो रहा है उन्होंने उसमें भाग लेने वाले सभी नागरिकों का आभार प्रकट किया बड़ी संख्या भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया चौधरी ईशम सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, अजेंद्र कश्यप, अंकित गिरी, शुभम कश्यप, रजत कश्यप, किट्टू गिरी, राजकुमार प्रजापति, हिमांशु राजपूत, मुकुल राजपूत, मयंक राजपूत, अनुज चौधरी, सचिन देशवाल, कमल सैनी, मयंक चौहान,कपिल राजपूत,सरोज देवी, आदि ने पंडित शशिनाथ एवं अंकित गिरी ने दिन भर सेवा करके पुन्य लाभ कमाया।

# बनवारी लाल कंछल का नगर के व्यापारियों ने माला पहनाकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**नजीबाबाद।** रविवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल नजीबाबाद पहुंचे। जहां प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार ने बजट में व्यापारियों सहित सभी के लिए 12 लाख तक की आय को कर मुक्त कर दिया है। माननीय नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री माननीय निर्मला सीतारमण का यह फैसला अत्यंत सराहनीय है। कंछल ने बताया केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 15 अगस्त 2025 से टोल से गुजरने वाली व्यक्तिगत वाहनों का टोल शुल्क वर्तमान में ?50 से घटकर ?15 शुरू कर दिया है। यदि कोई वाहन मालिक ?3000 टोल फास्ट टैग में जमा कर दे तो वह एक वर्ष में 200 यात्राएं किसी भी टोल से पूरे देश में यात्रा कर सकता है। तथा उन्होंने बताया की संगठन ऑनलाइन ट्रेडिंग समाप्त किए जाने की मांग करता है। जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस दिए जाने की मांग करता है। मंडी शुल्क देश में एक प्रतिशत किया जाए। सर्व और छापे पर सभी विभागों के समाप्त किए जाएं। प्रदेश के किसी भी जिले में किसी भी निकाय के हाउस टैक्स की दरे 10 प्रतिशत से अधिक ना बढ़ाई जाए। पंजीकृत व्यापारियों का 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित किया जाए। पंजीकृत व्यापारियों की दुकान, जलने लूटने का बीमा किया जाए।

# आत्मसम्मान व आत्मनिर्भरता जीवन में आगे बढ़ाने के लिए अचूक अस्त्र : डॉ. संदीप सरावगी

वेलकम इंडिया



**झांसी!** दीनदयाल सभागार में आयोजित अमर उजाला भविष्य ज्योति सम्मान सम्मारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट एवं मैडल प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष तथा वरिष्ठ समाजसेवी डॉ संदीप सरावगी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि जीवन में उन्हें प्रोत्साहित करने वाले बहुत सारे लोग मिलेंगे, लेकिन यदि उन्हें सच्चा प्रोत्साहन मिलेगा तो खुद की आत्म निर्भरता तथा आत्म सम्मान से। उन्होंने कहा कि यह बुंदेलखंड की जमीन है, जहां पर वीरांगनाओं तथा शूरवीरों ने जन्म लिया है। चुनौतियों से यहां के लोगों ने कभी हार नहीं मानी है और कुछ ऐसा ही यहां के विद्यार्थियों के साथ है। इस सबके बाद भी यदि किसी भी विद्यार्थी को किसी भी तरह की समस्या या परेशानी आती है, तो संघर्ष सेवा समिति उसके साथ कदम से कदम मिलाकर हमेशा खड़ी नजर आएगी। एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट एंड बसेरा वेलोसिटी कार्स, ब्लू वेल्स स्कूल द्वारा प्रेजेंटेड इस कार्यक्रम में मुख्य प्रायोजक एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष सुरेंद्र राय, बसेरा वेलोसिटी कार्स के अध्यक्ष वीरेंद्र राय, विशाल राय, विकास राय, हेल्थ पार्टनर डॉ. निर्देश जैन बुंदेलखंड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कोचिंग पार्टनर मोशन कोचिंग सिद्धांत साहू डायरेक्टर, रिफ्रेशमेंट पार्टनर अजय अग्रवाल उर्फ लाला वंदना स्वीट्स एंड स्नैक्स, बेवरेज पार्टनर मृत्युंजय निराला फाउंडर मिंट वाटर तथा सहयोगी प्रतिष्ठान, आनंद प्रकाश यादव एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया, नई दिल्ली, डॉ. संदीप सरावगी, अध्यक्ष, संघर्ष सेवा समिति, मुकुल जोगलेकर, डायरेक्टर जोगलेकर कैटरिंग इवेंट ऑर्गेनाइजर्स आदि रहे। कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस उप महानिरीक्षक केशव कुमार चौधरी, नगर निगम के नगर आयुक्त सत्य प्रकाश, एसएसपी झांसी बीबीजीटीएस मूर्ति, सीबीएसई कोऑर्डिनेटर श्रीमती प्रीति खत्री आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। रिवॉल्यूशन डांस अकादमी द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा बच्चों से वातालांप कर उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया। अतिथियों का अमर उजाला झांसी के संपादक अमरनाथ प्रसाद एवं एजीएम गजेंद्र कुमार ने स्वागत करते हुए सभी को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

## आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा, पूर्व सांसद व चेयरमैन ने किया उद्घाटन



वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**हाथरस**। नगला अलगर्जी के अम्बेडकर पार्क में प्रो आर्म्स रेसलिंग टुनार्मेंट का आयोजन जिला सचिव बहुजन समाज पार्टी व सभासद पति चौधरी राघवेन्द्र सिंह, सुरज सिंह गौतम व उनकी टीम के द्वारा कराया गया। जिसके मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्षा श्वेता चौधरी व पुर्व सांसद राजेश दिवाकर रहे। सर्वप्रथम तथागत बुध्द पर पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब की मूर्ती पर माल्यार्पण किया फिर भंते ने बुध्द वंदना कराकर कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। फिर आयोजकों ने पगडी, फुलमाला, पंचशील पटका पहनाकर व तस्वीर भेंट कर मुख्यातिथियों का स्वागत किया। फिर मुख्यातिथियों ने फीता काटकर टुनार्मेंट का शुभारंभ किया। इस मौके पर बनी सिंह, सतीसचंद, चिरंजीलाल, फोरन सिंह, पप्पू उर्फ. लक्ष्मीकांत, राहुल, जुगुनू, योगी, छोटू, आकाश व सैकड़ों खिलाड़ी व दर्शक मौजूद रहें।

## गागलहेड़ी पुलिस ने चलाया नशे के खिलाफ अभीयान दो नशा तस्करो को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया ,राजीव चौधरी

**सहारनपुर।** गागलहेडी थानाध्यक्ष विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व में गागलहेड़ी पुलिस लगातार एक्शन मूड में नजर आ रही है और नशे के खिलाफ अभियान चला रखा है - इसी क्रम में गागलहेड़ी पुलिस ने दो नशा तस्करो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है गागलहेडी थाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिषेक और रजनीश निवासी कोलकी कला को खजुरी अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है जिनका पुराना भी आपराधिक इतिहास है और पकडे गए आरोपियों के पास से 17 ग्राम स्मैक भी बरामद हुई है - पकडे गए आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

## पुराना कटरा प्राचीन स्वामी जगन्नाथ जी रथ यात्रा निकालने की तैयारी में जुटे समिति के पदाधिकारी


वेलकम इंडिया



प्रयागराज में प्राचीन स्वामी जगन्नाथ रथ यात्रा समिति पुराना कटरा कचहरी रोड द्वारा दिनांक 27 जून को सायंकाल 5:00 बजे पूर्ण सज धज के साथ कलात्मक झांकियां बैंड बाजे लाइट आदि के साथ हजारों की संख्या में शोभायात्रा कटरा परिसर में भ्रमण करते हुए महर्षि भारद्वाज आश्रम पहुंचकर पूजन अर्चना कर वापस मंदिर परिसर में पूर्ण होगी साथ ही इसी क्रम में दिनांक 29 जून को विशाल महाप्रसाद भण्डारे का वितरण सायंकाल 5:00 बजे से होगा। इस कार्यक्रम के संयोजक रतन जायसवाल, राकेश वर्मा, चंद्रजीत कुशवाहा, सुमित जायसवाल, अजय केसरवानी, अनिरुद्ध वर्मा, राजेश प्रजापति, आयुष जायसवाल, तरुण अग्रवाल, सुधीर केसरवानी के साथ अन्य पदाधिकारी गण की मौजूदगी में कार्यक्रम की पुरजोर तैयारी करते हुए मंदिर परिसर की साज सजावट और भगवान की रथ की साज सज्जा के साथ भव्य शोभा यात्रा क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजन की तैयारियां चल रही है ऐसे में प्राचीन स्वामी जगन्नाथ जी रथ यात्रा की शोभायात्रा के दौरान जिन रूटों से होकर यात्रा निकलेगी उन सभी मार्गों की साफ सफाई को दुरूस्त कराने की अपील नगर निगम से करते हुए भक्तों से यात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## आरामशीन पर डांस करता दिखाई दिया नाग- नागिन का जोड़ा जिसे देखने के लिए राहगीरों की लगी लम्बी भीड़

वेलकम इंडिया महमूद रजा



शेरकोट जनपद बिजनौर के शेरकोट में भनौटी रोड स्थित एक आरा मशीन पर अजीब नजारा देखने को मिला। यहां एक सांप का जोड़ा खेलता-कूदता दिखाई दिया। इस दौरान राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीर सांप के जोड़े की गतिविधियों को देखते रहे। कई लोगों ने अपने मोबाइल फोन में वीडियो भी बनाए। भीड़ के जमा होने के बावजूद सांप का जोड़ा अपनी जगह से नहीं हिला। स्थानीय लोगों ने भी इस दृश्य का आनंद लिया। कुछ समय बाद सांप का जोड़ा आरा मशीन में रखी लकड़ियों के बीच चला गया। इससे वहां काम कर रहे कर्मचारियों में घबराहट फैल गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह नाग-नागिन का जोड़ा था। घंटों तक यह जोड़ा आरा मशीन पर अपनी गतिविधियां करता रहा। जिसका राहगीरों एवं आरा मशीन पर काम करने वाले मजदूरों ने आंनद लिया, और मजदूरों को डर सता रहा है की नाग नागिन का जोड़ा उनके काट ना ले फिलहाल नाग नागिन के जोड़े की डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

## स्वच्छता जागरूकता अभियान के तीसरे चरण की पुनः शुरूवात 22 जून से

वेलकम इंडिया



**मथुरा/सोंख।** बाबा कढेरा सिंह विद्या मंदिर के सौजन्य से सफाई अभियान के तीसरे चरण की शुरूआत दिनांक 22 जून, (प्रथम रविवार) की गई, अभियान की शुरूवात, विद्यालय चेयरमैन सुरेश सिंह एवं प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, वीरपाल प्रधान सिंह, डॉ अशोक, केदार भगतजी, के द्वारा की गई।

विद्यालय चेयरमैन सुरेश सिंह ने कहा कि श्री गोवर्धन पर्वत को पृथ्वी के सर्वाधिक पवित्र स्थानो में से एक माना जाता है ।मूल रुप से गिरिराज श्रीकृष्ण के सीने अथवा हृदय से गोलोक में अवतरित हुए थे। प्रकाश के स्वरुप में दिव्य प्रेम पृथ्वी पर गिरा और वह एक विशालकाय पर्वत का आकार ग्रहण करने लगा, जिसे श्री ठाकुरजी एवं राधाजी का आशीर्वाद प्राप्त था। यह श्री राधाकृष्ण की अनेक लीलाओं से जुड़ा हुआ है और आज भी व्रज क्षेत्र में आने वाले सभी लोगों के लिए इस पवित्र स्थान की परिक्रमा बहुत महत्वपूर्ण होती है। बाबा कढेरा आवासीय विद्यालय प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, ने कहा कि गोवर्धन एक आस्था ० विश्वास का प्रतीक है यहाँ देश झ विदेश के गिर्राज भक्तजन काफी संक्या में परिक्रमा ० दर्शन के लिए आते है गुरुपूर्णिमा में लाखो की संख्या होती है गिर्राज की तलहटी गोवर्धन स्वच्छता की बहुत समस्याएं रहती है, वैसे स्वच्छता के प्रति शासन झ प्रशासन, स्थानीय जन प्रतिनिधि लगातार काम करते रहे है परन्तु क्षेत्र बड़ा होने के कारण समस्या रहती है क आज दिनांक 22 जून को 48 लोगों के साथ 28 झाड़ू लेकर दान घाटी से संत समाधि तक परिक्रमा मार्ग (खम्बा नंबर 40 तक ) की सफाई की गई ।विद्यालय उप प्राचार्य रामबाबू ने वहां रहने वाले लोगों को सफाई के महत्व को समझाया।

## सकरवा में दो पक्षों में झगड़ा एक पक्ष ने लगाया दूसरे पर मारपीट करने का आरोप



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** थाना क्षेत्र के गांव सकरवा में दो पक्षों में झगड़ा हो गया जिसमें एक पक्ष के लगभग चार लोगों के चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष ने दूसरे पक्ष पर बेवजह मारपीट करने का आरोप लगाया है तथा महिलाओं के साथ अभद्रता का भी आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष के राजेंद्र ने बताया कि गांव सकरवा में दूसरे पक्ष के लोगों ने हमारी महिलाओं को गोबर डालने जाते समय रोककर उनके साथ अभद्रता की और मारपीट की है। झगड़े का कारण आपसी किसी विवाद को लेकर कहासुनी को लेकर बताया जा रहा है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी थाना गोवर्धन पहुंचकर अपना पक्ष रखते हुए बताया कि उनके साथ भी मारपीट की गई है। हालांकि पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर लेकर चोटिल लोगों को डॉक्टरी मुआयने के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया ।थाना प्रभारी रवि त्यागी ने बताया कि दो पक्षों में आपस में झगड़ा हुआ है जिसमें चोटिल लोगों को मेडिकल के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## महिला ने जहरीला पदार्थ गटक कर की आत्महत्या

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** काफलीगैर तहसील के झिरोली थाना क्षेत्र में एक विविहित महिला ने घर मे रखा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह महिला अपने बच्चों को नाश्ता कराने, और पशुओं के लिए चारा लेने के बाद अचानक किसी कारण से जहरीला पदार्थ खा लिया ।पर महिला ने जहरीला पदार्थ खाने के बाद किसी को भी कुछ नही बताया, लेकिन जब महिला के पेट मे तीव्र दर्द और आंतों में जलन होने लगी तो तो महिला के मुंह से झाग निकलने लगा ।तब इसकी सूचना आसपास मौजूद लोगों को मिली ।जिसके बाद इसकी सूचना महिला के पति को दी गई। जब महिला की तबियत बिगड़ी तब उसका पति चौगावछिना में अपनी मुर्गी की दुकान में थे आनन फानन में महिला का पति घर पहुंचा जिसके बाद महिला को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया ।प्राप्त जानकारी के आधार पर तहसील काफलीगैर क्षेत्रांतर्गत ग्राम खर्कटम्टा निवासी बिंदु देवी उम्र लगभग 27 वर्ष पत्नी देश दीपक टम्टा द्वारा घरेलू कारणों मानसिक रूप में तनावग्रस्त होकर घर मे रखा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली ।बताया जा रहा है कि आपसी कारणों से कभी कभार घर मे पति पत्नी की अनबन हो जाती थी। पर पति घर से कुछ दूरी पर स्थित चौगावछिना में सुबह अपनी दुकान चला जाता था और देर रात घर पहुंचता था। घरों में हालांकि पति पत्नी के बीच अक्सर कभी कभार अनबन भी हो जाती थी। बताया जा रहा है कि मोबाईल फोन को लेकर विवाद होने से महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था।

## कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षाओं में सफल सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों का भव्य सम्मान समारोह

वेलकम इंडिया



प्रयागराज के मम्फोर्डगंज स्थित माथुर वैश्य सभागार में आज प्रतिभा प्रणाम समारोह 2025 का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस गौरवशाली कार्यक्रम का आयोजन एक्सीलेंट विजन टेक्निकल एकेडमी, प्रयागराज द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न तकनीकी विभागों में चयनित सैकड़ों कनिष्ठ अभियंताओं और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इस समारोह का विशेष आकर्षण रहे एसएससी जूनियर इंजीनियर परीक्षा 2024 में ऑल इंडिया 12वीं रैंक प्राप्त करने वाले मुरारी प्रजापति तथा 22वीं रैंक प्राप्तकर्ता अभिषेक कुमार गुप्ता, जिन्हें मंच पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। उनके साथ-साथ अन्य चयनित अभियंताओं को भी मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे पूरा सभागार उत्साह और गौरव से भर उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज के यशस्वी महापौर श्री गणेश केशवानी ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रयागराज आज शिक्षा, तकनीकी विकास, रोजगार और सांस्कृतिक समृद्धि के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज का गौरवशाली अतीत आज फिर से पुनर्स्थापित हो रहा है, और यहां के छात्र राष्ट्रीय फलक पर अपनी प्रतिभा का प्रकाश फैला रहे हैं। विधायक इंजी. हर्षवर्धन बाजपई ने कहा कि तकनीकी युवाओं की भूमिका आज के भारत में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि एक अभियंता होने के नाते वे स्वयं क्षेत्र की समस्याओं को तकनीकी दृष्टिकोण से समझते हैं और प्रयागराज में जल निकासी, पुल-पुलिया, सिंचाई व आधारभूत संरचना के कार्यों में नवाचार के साथ तेजी से काम कर रहे हैं। उन्होंने चयनित अभियंताओं को राष्ट्र की रीढ़ बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नेहा, अंजू, निशा, अनुराधा निषाद, शिवानी, आरुही सिंह, अंकित मौर्य और रजत गुप्ता ने गीत, नृत्य और कविताओं के माध्यम से गुरु, माता-पिता और राष्ट्रभक्ति की भावनाओं को मंच पर जीवंत किया। इन प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विधायक श्री हर्षवर्धन बाजपई ने कहा कि यह हमारे सांस्कृतिक संस्कारों की सुंदर प्रस्तुति है।

## शाम होते ही शुरू हो जाता है मच्छरों का प्रकोप

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावां क्षेत्र के गांवों में शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप शुरू हो जाता है। जो कि क्षेत्रीय ग्रामीणों की परेशानी का सबब बना हुआ है। सेमरियावा ब्लाक क्षेत्र के गांवों में शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप शुरू हो जाता है। जिसके कारण लोग रतजगी के लिये मजबूर हैं। गांवों में फागिंग न होना लोगों की परेशानी का कारण बना हुआ है। गौरतलब है कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान जुलाई में चलना है। जानकारी के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। ग्रामीणों महेश कुमार, इरशाद अहमद, अतीक सिद्दीकी, अब्दुल करीम, अब्दुस्सलाम, सजीवन लाल गौतम आदि ने प्रशासन से समस्याओं के समाधान की मांग किये हैं।

## गोवर्धन के प्रमुख मंदिर दानघाटी के आसपास व थाने के पास लगा बाहरी वाहनों का जमावड़ा

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** कुछ समय पहले थाने का चार्ज संभालने वाले प्रशिक्षु आईपीएस गोल्डी गुप्ता ने ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर कई सुधार किए जो जमीनी स्तर पर भी नजर आ रहे थे ।उनके जाते ही मानो ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने चैन की नींद सोना शुरू कर दिया है और इसी का लाभ उठाकर कस्बे में बाहरी वाहनों की एंट्री की बाढ़ आ गई है ।गोवर्धन के डीग अड्डा से लेकर एकता तिराहे तक भारी संख्या में बाहरी राज्यों के वाहनों का आवागमन प्रारंभ हो गया है जिससे ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो गई है ।कई बार मीडिया कर्मियों द्वारा पुलिस प्रशासन को इस संबंध में जानकारी देने के बाद भी ट्रैफिक व्यवस्था में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। चारों तरफ बाहरी वाहनों का कस्बे के अंदर जमावड़ा देखने को मिल रहा है जिससे हर रोज जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है ।यहां तक की डीग अड्डा पर तो रविवार को बाहरी श्रद्धालुओं के अत्यधिक आवागमन के बाद भी कोई भी ट्रैफिक पुलिस कर्मी दिखाई नहीं दिया एकमात्र होमगार्ड वहां वाहनों को रोकने में जुटा हुआ था ।लेकिन बाहरी वाहन रुकने का नाम ही नहीं ले रहे थे और कस्बे के अंदर दानघाटी जैसे व्यस्ततम मार्ग पर चलते हुए नजर आए।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के बैनर तले ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित कर 251 ब्राह्मण को किया सम्मानित/ आशुतोष शर्मा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठपत्रकार**



हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली तीर्थ नगरी ब्रजघाट में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के बैनर तले ब्राह्मण सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 400 से अधिक लोग शामिल हुए।और ब्राह्मणों पर हो रहे लगातार हमले अत्याचार और शोषण जैसे विषयों पर विस्तार पूर्वक अपने-अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में शौर्य शक्ति फाउंडेशन के कार्यकर्ता सहयोगी संस्था के रूप में मौजूद रहे।जिसमें गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा प्रभारी और शौर्य शक्ति फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।और आयोजित कार्यक्रम में 251 ब्राह्मण समाज के लोगों को सम्मानित किया गया।पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले से सक्रिय ब्राह्मण नेताओं ने गढ़मुक्तेश्वर में आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। और गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा से दावेदार आशुतोष शर्मा का पूर्ण समर्थन किया।पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया ब्राह्मणों पर अत्याचार बर्दाशत नहीं किया जाएगा।उसके लिए लगातार लड़ाई लड़ी जाएगी और इस बार गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा से आशुतोष शर्मा को चुनाव लड़ाया जाएगा। और पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ब्राह्मणों का समर्थन आशुतोष शर्मा के साथ है।पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी पंडित सरवन कुमार शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।और ब्राह्मणों पर हो रहे लगातार हमलों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। साथ ही भाजपा को यह चेतावनी भी दी है कि इस बार ब्राह्मण भाजपा के साथ नहीं रहेगा।गढ़ विधानसभा प्रभारी आशुतोष शर्मा ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 75 से अधिक कार्यक्रम विधानसभा में आयोजित किए जा चुके हैं।और प्रत्येक वर्ग के लिए लगातार काम किया जा रहा है। 2027 में जनता के बीच रहकर चुनाव लड़ा जाएगा। और लगातार जनता के बीच काम किया जाएगा। आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य रूप से पंडित विजेंद्र शर्मा ,पंडित आशुतोष शर्मा, पंडित श्रवण शर्मा, पंडित दिनेश शर्मा, आकांक्षा शर्मा नरेंद्र सिंह, पंडित श्रवण कुमार शर्मा, पंडित विजेंद्र कुमार शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, विक्रम कसाना, विंदर कश्यप, तरुण कश्यप ,मनोज पांडे, धर्मेंद्र पांडे, केसी पांडे ,महेश शर्मा, सुनील शर्मा ,सुशील शर्मा, मोहिनी शर्मा, ममता शर्मा, हरिप्रकाश शर्मा, दीपक शर्मा, विक्की शर्मा आदि लोग प्रमुख रूप से शामिल हुए।

# पंचायत चुनाव के सफल आयोजन हेतु आरओ एवं एआरओ को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** जनपद बागेश्वर में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 को सुचारु, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु विकास भवन सभागार में द्वितीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिलानिर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में निर्वाचन में नियुक्त आरओ और एआरओ,ने प्रशिक्षण लिया।प्रशिक्षण में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता, नामांकन, मतदान, मतगणना एवं परिणाम घोषणा से संबंधित सभी बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे प्राप्त प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी समुचित जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि समन्वय, समयबद्धता और सजगता के साथ किया गया कार्य ही निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बना सकता है।डीडीओ संगीता आर्या ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 25 से 28 जून तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच 29 जून से एक जुलाई तक होगी। नाम वापसी दो जुलाई तक जबकि चुनाव चिन्ह आवंटन तीन जुलाई को किया जाएगा। मतदान 10 जुलाई को तथा मतगणना 19 जुलाई को संपन्न होगी। जनपद में कुल 405 ग्राम प्रधान, 2899 ग्राम पंचायत सदस्य, 120 क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं 19 जिला पंचायत सदस्य पदों पर निर्वाचन होना है। बागेश्वर ब्लॉक में 182 मतदान केंद्र, कपकोट में 122 तथा गरुड़ में 101 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।इस अवसर पर डीडीओ संगीता आर्या, परियोजना निर्देशक शिल्पी पंत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसान कोंग्रेस के जिलाध्यक्ष ने की कोंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से मुलाकात



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** दिनांक 21 जून को किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत, पूर्व जिलाध्यक्ष व कॉर्डिनेटर चौधरी भगवान सिंह वर्मा के द्वारा पूर्व पदाधिकारी व वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ प्रातः वृंदावन स्थित रेडिशन होटल में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय अजय राय पूर्व मंत्री से मुलाकात की तथा कांग्रेस सृजन व संगठन को लेकर तथा आगामी चुनावों की रणनीति को लेकर बातचीत की पर वरिष्ठ कांग्रेसी बृजेश कुमार शर्मा चंद्र मोहन जयसवाल आदि उपस्थित रहे इस दौरान प प्रदेश अध्यक्ष माननीय अजय राय के द्वारा कार्यकताओं से मुलाकात की तथा संगठन को मजबूती व आगामी चुनावों तैयारी को लेकर उनके विचारों से रूबरू हुए।

# भाजपा प्रदेश मंत्री ने बाग में मैंगो पार्टी का कराया आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**पहासू/ बुलंदशहर**/रविवार को भाजपा के प्रदेश मंत्री डॉ0 चंद्रमोहन द्वारा छतारी थाना क्षेत्र के गांव बान में आयोजित की मैंगो पार्टी तथा स्नेह मिलन समारोह में शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए। फलों के राजा आम की कई किस्मों तथा अन्य व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए मैंगो पार्टी में शामिल लोगों ने क्षेत्रीय समस्याओं पर विचारों का आदान प्रदान किया। इस मौके पर बोलते हुए डॉ0 चंद्रमोहन ने कहा कि भाजपा की सरकार में अपराधियों तथा गुंडा और माफिया या तो जेल में हैं या प्रदेश से पलायन कर गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न सिर्फ भाईचारा बढ़ता है बल्कि अपनी समस्याओं तथा सुझावों को मंच पर रखने का मौका भी मिलता है। नए भारत की तर्ज पर नया शिकारपुर प्रदेश के मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बनाएगा। इस मौके पर प्रदेश मंत्री डॉ चंद्र मोहन बान प्रधान राजकुमार राघव अभिषेक राघव तेजपाल सिंह मीणा पूर्व प्रधान अमित मीणा भोला चौधरी फजलपुर सोमवीर राघव भूरा सिंह प्रणव राघव अभिषेक रघुवंशी रामपाल बघेल पीतम सिंह, जगनेश चौधरी, राजवीर सिंह, अनुज चौधरी, सोमवीर सिंह, भोला चौधरी राकेश शर्मा, मनोज शर्मा, अनुज चौधरी सुधीर राघव मंगलसेन गुप्ता, रेशमपाल बघेल झलक प्रताप, विनीश सेठ आदि मौजूद रहे।

## एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह परिवार के साथ मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगाकर गंगा मैया की आरती में हुए शामिल



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/गढ़मुक्तेश्वर की तीर्थ नगरी में कल कल स्वर के साथ बह रही मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया के कच्चे घाट पर पहुंच कर एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने परिवार के साथ मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया में लगाई आस्था की डुबकी। आपको बता दें कि हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह जो कि एक बहुत ही पूजा पाठी और संस्कारी प्रवृत्ति के श्रद्धालु भक्त हैं।जो सह परिवार मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया के कच्चे घाट पहुंचे। और श्रद्धा भाव के साथ आस्था की डुबकी लगाई और मां गंगा की आरती में शामिल हुए। इस अवसर पर गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली निरीक्षक नीरज कुमार कच्चा घाट प्रबंधक आरती संचालक डीपी निषाद।गोता खोर टीम के कुलदीप निषद, दीपांशु निषाद,मुनेश निषाद, उत्तम निषाद, प्रमोद निषाद, हिमांशु अनिल कुमार गौतम। उपस्थित रहे।

# जलभराव की समस्या से जूझ रहे है हजारों ग्रामीण, नहीं हो रहा समस्या का समाधान



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर गुलावठी ब्लाक क्षेत्र के गांव छपरावत में तालाब का पानी रास्ते और विद्यालय में भरा हुआ है। आसपास के इलाके में हर वक्त घनी दुर्गंध बनी हुई है। बरसात शुरू होने के चलते गंभीर बीमारियां पनपना शुरू हो गई हैं। तालाब से मच्छर और सांप निकलकर लोगों के घरों में पहुंच रहे हैं। ग्रामवासी दुर्दशा में ही रहने को मजबूर हैं। ग्राम छपरावत में प्राईमरी पाठशाला-2 नगर के पास तालाब गाटा संख्या- 112स रकवई 0.3540 है० के काफी रकवे पर लोगों ने अतिक्रमण कर काफी छोटा कर दिया है और अतिक्रमण के कारण तालाब का पानी विद्यालय व रास्ते में भर जाता है। जिसके कारण वहां से गुजरने वाले स्कूल के बच्चों और ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। बच्चे स्कूल भी नहीं जा पाते है और गंदगी के कारण काफी बच्चों ने विद्यालय से नाम कटवा लिया है। ग्रामीणों की मांग है कि तालाब की सफाई कराकर जल भराव की समस्या से निजात दिलाई जाए। प्राइमरी स्कूल के अध्यापकों द्वारा भी शिकायत उच्च अधिकारियो से की गई है। ग्रामीणों का दावा है कि अनेक बार स्थानीय प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया गया है। लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों में स्थानीय प्रशासन के इस रुख के चलते रोष व्याप्त है।

## वन दरोगा की परीक्षा देकर लौट रही छात्रा की सड़क हादसे में मौत, दो घायल

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** नौकरी पाने की तलाश में वन दरोगा भर्ती परीक्षा देने आई एक छात्रा की सड़क हादसे में मौत हो गई।जबकि दो अन्य घायल हो गए।वन दरोगा भर्ती की लिखित परीक्षा देकरअपने घर गरुड़ को लौट रही एक छात्रा रविवार को सड़क हादसे का शिकार हो गई जहा अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में उसका चचेरा भाई और एक दोस्त भी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय संजय बोरा पुत्र मदन सिंह बोरा निवासी जिमखोला गरूड़, उसकी चचेरी बहन 20 साल की लता बोरा पुत्री चंदन बोरा और 20 साल की काजल पुत्री देवनाथ निवासी बिनखोला रविवार सुबह स्कूटी से गरूड़ से बागेश्वर आए थे। यहां लता और काजल ने वन दरोगा भर्ती की लिखित परीक्षा दी। जिसके बाद परीक्षा देकर अपराह्न दो बजे बागेश्वर से गरुड़ की ओर जा रहे थे। बहुली के पास अचानक उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और आसपास के लोगों ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने लता को मृत घोषित कर दिया। डॉ. गुंजन ने बताया कि हादसे में घायल दो अन्य घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इधर, कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि मृतका के परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया जाएगा। घटना की जांच की जाएगी।

# हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है योग : देवेंद्र धामा

**वेलकम इंडिया**




**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। कोणार्क विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेकड़ा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बहुत ही शानदार तरीके से किया गया। इस योग कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों एवं अध्यापकगणों ने बढ़-चढ़कर के भाग लिया। योगा प्रशिक्षिका स्वाति रानी ने वृक्षासन, ताड़ासन भुजंगासन, बालासन, कपालभाति प्राणायाम शवासन आदि आसान करने के साथ-साथ योग से निरोग रहने का संदेश दिया। योग संगम पत्र के माध्यम से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए विद्यालय की प्रशंसा की। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र धामा ने कहा कि योग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। यह हमें स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने में मदद करता है। प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं है बल्कि यह जीवन जीने की एक कला है। योग के नियमित अभ्यास से आपकी एकाग्रता बढ़ेगी उपप्रबंधक अंकित धामा ने कहा कि योग आपको आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा से भर देगा, जिससे आप जीवन की हर चुनौती का सामना दृढ़ता से कर पाएंगे। कहा कि हम सब मिलकर योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लें। योग को अपनाकर हम एक स्वस्थ, सुखी और शांत समाज का निर्माण कर सकते हैं।इस अवसर पर रामचंद्र शर्मा, प्रदीप कुमार, मनीष धामा, नलिनी शर्मा, मोनिका कौशिक, अंशु तोमर, नरेश कुमार, सविता शर्मा,शालु जैन, शालिनी शर्मा, विशप शर्मा, दुष्यंत त्यागी, गुलशन कुमार, रमा तेवतिया, विचित्रमणि सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

# नारीवाद नेतृत्व को,एक प्रमुख सिद्धांत के रूप में स्थापित करना जरूरी



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि पूरी दुनियाँ में ऐतिहासिक रूप से कूटनीति पुरुषों का ही आधिपत्य रहा है, महिलाओं ने सदियों से कूटनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है,फिर भी उनके योगदान को अक्सर नजरअंदाज कर दिया गया है,जो रेखांकित करने वाली बातहै। रविवार 22 जून 2025 को मीडिया के हर प्लेटफार्म पर हमने देखे कि अमेरिका ने ईरान में करीब तीन परमाणु ठिकानों पर हमला किया जिससे तीसरे विश्व युद्ध का आगाज होने की संभावना बढ़ गई है, वर्तमान में हम देख रहे हैं कि सभी युद्धों में शीर्ष नेतृत्व में पुरुषों का ही बोलबाला है जबकि हाल ही में भारत-पाकिस्तान तनाव में सैन्यप्रवक्ता के रूप में एक महिला पूरी जानकारी दे रही थी, मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र बहुपक्षीय एजेंडे को आकार देने वाले व प्रमुख निर्णय लेने और नेतृत्व के पदों पर महिलाओं के बढ़ते प्रतिनिधित्व का




समर्थक हूं।2014 के आंकड़ों केमुताबिक 143 देशों ने अपने संविधान में पुरुषों व महिलाओं को समानता की गारंटी दी है, परंतु 52 देशों में अभी भी इस असमानता को मिटाना है। एक अध्ययन के अनुसार 1992 से 2019 में शांति प्रक्रिया में सिर्फ 13 परसेंट मध्यस्तता में 6 पेर्सेंट व हस्ताक्षर में केवल 6 पेर्सेंट महिलाएं ही शामिल हुई है महिला व पुरुषों के कूटनीति राजनीति व सैन्य पदानुक्रमों सहित अनेकों क्षेत्रों में भारी असमानता को रेखांकित करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 जून 2022 को अपने संकल्प क्रमांक 76/269 में पारित किया कि प्रति वर्ष 24 जून को कूटनीति में महिलाओं का अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाएगा।पिछले वर्ष 2024 में सुबह 11:30 से 1 तक ट्रस्टीशिप काउंसिल चैंबर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय न्यूयॉर्क में बहुपक्षीय कूटनीति से महिला नेतृत्व थीम के साथ कार्यक्रम आयोजित हुआ था जो इस वर्ष भी इस थीम के साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें महासभा के अध्यक्ष व महासचिव सहित अनेकों पदाधिकारी भाग ले रहे हैं, जिसमें कूटनीति राजनीति में महिलाओं के प्रतिनिधित्व नेतृत्व को बढ़ाने के लिए जनजागरण कर प्रोत्साहित किया जा रहा है, वक्ताओं द्वारा बताया गया कि, दुर्भाग्य से, अंतर्राष्ट्रीय निकायों, राजनयिक कोर, मानवाधिकार संगठनों और अन्य प्रमुख बहुपक्षीय स्थानों सहित निर्णय लेने के सभी स्तरों पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व अभी भी कम है। निचले स्तरों पर लाभ के बावजूद महिलाएँ केवल 13 प्रतिशत अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का नेतृत्व करती हैं। और, जैसा कि हमने सुना है, हमने अभी तक संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के रूप में शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति स्थान पर एक महिला को चुना हुआ नहीं देखा है।डेटा इस बात पर प्रकाश डालता है कि दुनियाँ भर में केवल 20 प्रतिशत राजदूत महिलाएँ हैं, और 2022 में शांति वार्ता प्रतिनिधिमंडल में केवल 16 प्रतिशत प्रतिभागी महिलाएँ थीं। वर्तमान दर पर, हम 130 वर्षों तक लैंगिक समानता प्राप्त नहीं कर सकते हैं। दुनियाँ की आधी से अधिक आबादी 30 वर्ष से कम आयु की है, सभी लड़कियों और युवा महिलाओं को नागरिक और राजनीतिक नेताओं के रूप में सेवा करने के लिए सशक्त और प्रेरित करना सकारात्मक बदलाव का एक महत्वपूर्ण साधन है। 2023 में, संयुक्त राज्यअमेरिका ने नागरिक और राजनीतिक जीवन में सभी लड़कियों और युवा महिलाओं की सार्थक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए वैश्विक लड़कियों की नागरिक और राजनीतिक भागीदारी पर पहली बार यू.एस. रणनीति जारी की।

आज जब हम कूटनीति में पहले से ही शामिल महिलाओं का जश्न मना रहे हैं, तो हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हम कूटनीति में कल की महिलाओं को भी सशक्त बना रहे हैं।यह दिवस उन तरकीबों को पहचानें व उन तरीकों को अपनाने का दिन है जिसमें महिलाएं बाध्यताओं को तोड़ रही है और कूटनीति के क्षेत्र में बदलाव ला रही है। चूँकि शांति, सुरक्षा, सतत विकास और सभी के लिए मानवाधिकार हासिल करने में महिलाओं की इक्वल भागीदारी अनिवार्य होना समय की मांग है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कूटनीति में महिलाओं का 3 रा अंतर्राष्ट्रीय दिवस 24 जून 2025, कूटनीतिक राजनीतिक व सैन्य पदानुक्रम में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की कमी है, नारीवाद नेतृत्व को एक प्रमुख सिद्धांत के रूप में स्थापित करने की अत्यंत सख़्त तात्कालिक जरूरत है।

# पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने हेतु स्वच्छता को अपनाना है: नरेंद्र दत्त



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, नगर क्षेत्र बागेश्वर में रविवार प्रातः सात बजे से 10 बजे तक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के नरेंद्र दत्त के नेतृत्व में आयोजित अभियान के अंतर्गत नगर को तीन प्रमुख क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें बागनाथ मंदिर से विकास भवन तक, इंडोर स्टेडियम से झूला पुल तक, तथा भागीरथी नाले से जिला चिकित्सालय तक में विभाजित किया गया, जहाँ व्यापक सफाई एवं जन-जागरूकता गतिविधियाँ चलाई गईं। अभियान में जिला जज सहित जिला न्यायालय में विभिन्न न्यायाधीशों के साथ जिलाधिकारी ,पुलिस अधीक्षक, सीडीओ ,अपर जिलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों के अलावा आमजनमानस ने स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी दी।अभियान में संबंधित क्षेत्रों में उपजिलाधिकारी बागेश्वर, तहसीलदार बागेश्वर एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था, जिन्होंने अभियान की निगरानी एवं संचालन किया। जिलाधिकारी आशीष भटगांई, जिला जज न्यायाधीश नरेंद्र दत्त, तथा पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़खे ने स्वयं अभियान में भाग लेकर आमजन को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। उनकी सक्रिय सहभागिता को देखकर मौजूद अन्य लोगों में भी स्वच्छता के प्रति उत्साह दिखा।और अभियान को विशेष ऊर्जा मिली और यह एक जनांदोलन के रूप में परिवर्तित होता दिखाई दिया। जिला जज डीएम, और एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने नगर में नदी किनारे नदी को प्रदूषित करने वाले प्लास्टिक एवं अन्य प्रकार की गंदगी को साफ किया।साथ ही सभी से अपने आसपास अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए विशेष रूप से स्वच्छता बनाए रखने, वृक्षारोपण करने, पर्यावरण प्रदूषण करने वाले कारकों को एकत्रित कर उन्हें अपने आसपास से दूर रखने की अपील की गई। इस अवसर पर नुमाइश मैदान में जनपद न्यायाधीश नरेंद्र दत्त द्वारा स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।, जिसमें सभी लोगों ने अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि ह्लस्वच्छता कोई एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि इसे हमारी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा। जब स्वच्छता हमारे जीवनशैली का अंग बन जाएगी, तभी एक स्वस्थ और विकसित समाज की नींव को मजबूत कर सकते हैं।कार्यक्रम में सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने भागीदारी की। अभियान के अंतर्गत कूड़ा-कचरा उठान, नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई, दीवार लेखन तथा प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र निर्माण जैसे कार्य संपन्न हुए। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी एनएस. नबियाल,सीडीओ आर सी तिवारी,नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल,एसडीएम प्रियंका रानी, प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार आर्य,बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विनोद भट्ट, शासकीय अधिवक्ता गोविन्द बल्लभ, बसन्त पाठक, नवल किशोर भट्ट, चंचल पपोला,जिला न्यायालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आनन्द रावल,व मोहन सिंह मेहता,रमेश भंडारी, पुलिस उपाधीक्षक अजय साह, डीडीएमओ शिखा सुयाल, जिला सूचना अधिकारी क्षितिज वर्मा, सहित रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन इंद्र सिंह फर्स्वाण, कोतवाल कैलाश नेगी,तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# पूर्व जिलाध्यक्ष की कांग्रेस में हुई वापसी कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर रविवार को कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी के पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा निष्कासन समाप्त कर पार्टी में पुनः सम्मिलित करने के उपरांत पहली बार कार्यकर्ता व नेताओं के बीच डिबाई पहुंचे जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव व जिला कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ व शहर अध्यक्ष रवि लोधी के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी, जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव व जिला कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ का नगर अध्यक्ष सिराज अहमद ने अपने कार्यालय पर एकत्रित नेता व कार्यकताओं के साथ फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। स्वागत के उपरांत ठाकुर राकेश भाटी, ज्ञानेंद्र सिंह राघव व प्रज्ञा गौड़ ने राकेश भाटी की कांग्रेस में वापसी पर जनपद बुलंदशहर में पार्टी की मजबूती के साथ-साथ आसपास के जिलों में भी पार्टी के वर्तमान में चल रहे संगठन सर्जन अभियान के गठन में पार्टी को मजबूती मिलने की बात कहते हुए सभी कार्यकताओं से राहुल गांधी मल्लिकार्जुन खड़गे अविनाश पांडे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व प्रदीप नरवाल द्वारा दिए जा रहे दिशा निदेर्शों का अक्षरशः पालन कर पार्टी को मजबूत करने के आह्वान के साथ स्वागत करने वाले सभी डिबाई के पदाधिकारीयों का आभार प्रकट किया। स्वागत करने वालों में नगर अध्यक्ष व सभासद सिराज अहमद, जिला सचिव व सभासद हामिद अली, जिला सचिव रविंद्र लोधी, योगेश प्रताप सिंह, सत्येंद्र सिंह व ठाकुर रविंद्र सिंह आदि लोग सम्मिलित रहे।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक बिजली के खंभे से टकराई एक घायल एक की मौत

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर अहार क्षेत्र के सिद्ध बाबा मार्ग पर एक बाइक द्वारा दो व्यक्ति दोपहर बाद तीन बजे करीब अपने घर लौट रहे थे जैसे ही गुरुद्वारे के पास पहुंचे अचानक बाइक एक बिजली के खम्भे से टकरा गई और दोनों व्यक्ति नीचे गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को देखा तो गांव दरावर निवासी बलवंत सिंह पुत्र रामप्रसाद की मौत हो चुकी थी।दूसरा व्यक्ति वीरपाल सिंह पुत्र नन्नू निवासी शफीनगर को सी एच सी ऊंचा गांव में भर्ती कराया वहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पत्नी लीलावती पुत्र सतेन्द्र और गोला का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मौके से बाइक को कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी अनु प्रताप सिंह ने कहा कि पीड़ित की ओर से तहरीर नहीं मिली है। पुलिस जांच में जुट गई हैं।

# दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) में जूनियर इंजीनियर केपी सिंह का हुआ चयन

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर :** जनपद के पहासू ब्लॉक में तैनात एडीओ (पंचायत) सत्यपाल सिंह के पुत्र केपी सिंह लोधी का दिल्ली विकास प्राधिकरण में जेई के पद पर चयन हुआ है। रविवार को समाज एवं लक्ष्य समिति बुलंदशहर के पदाधिकारियों ने आवास पर पहुंचकर फूलमाला पहनाकर और बुक्का देकर उनको बधाई दी। जेई के पद पर चयन होने पर जनपद बुलंदशहर के साथ साथ समाज का नाम रोशन किया है।

बुलंदशहर के मूल निवासी सत्यपाल सिंह लोधी वर्तमान में पहासू ब्लॉक में एडीओ पंचायत के पद पर तैनात हैं।रविवार को सत्यपाल सिंह ने बताया उनके पुत्र केपी सिंह का दिल्ली विकास प्राधिकरण में जूनियर इंजीनियर के पद पर नियुक्ति हुई है। रविवार को आवास पर लक्ष्य समिति बुलंदशहर के पदाधिकारियों ने वार्ड 16 के सभासद देवपाल सिंह लोधी के आवास पर नवनियुक्त जूनियर इंजीनियर का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां लक्ष्य समिति के संरक्षक रत्न सिंह लोधी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष सुनील सिंह लोधी, नानक चंद लोधी प्रिंसिपल लोक किसान इंटर कॉलेज परवाना, किशोर लोधी, पवन लोधी, प्रवेन्द्र लोधी, भरत सिंह लोधी, सचिन लोधी जूनियर इंजीनियर केपी सिंह लोधी को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। जहां सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जा हिर की। समिति के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया केपी सिंह लोधी ने जनपद के साथ साथ लोधी समाज का नाम रोशन किया है।

# विद्यालय में योग दिवस मनाया गया।



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर अंतरराष्ट्रीय 11वे योग दिवस पर शहीद मेजर ललित प्रकाश उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्सौन ब्लॉक शिकारपुर में योग दिवस मनाया गया,इस अवसर पर शिक्षक नेता एवं विद्यालय इंचार्ज प्रधानाध्यापक वेद प्रकाश गौतम ने उपस्थित बच्चों एवं स्टाफ को योग कराए साथ ही शरीर को स्वस्थ रखने हेतु योग क्यों जरूरी है इस पर प्रकाश डाला,बताया कि मानव इस समय मशीन पर निर्भर हो गया है जिस कारण से शरीर आलसी हो गया है,जिस कारण से मानव के शरीर में विभिन्न प्रकार के रोग उत्पन्न हो रहे हैं इसलिए हमारी सरकार ने मानव जाति को योग करने के लिए प्रेरित किया है हमको रोज सुबह शाम योग करना चाहिए।इस अवसर पर समाज सेविका कुसुम लता गौतम वेद प्रकाश गौतम,रजनी रानी,प्रतिभा शर्मा,शादियां गाजी,मीनाक्षी गोयल,मीनाक्षी देवी,लक्ष्मी देवी,संतोष कुमार,कई छात्र उपस्थित रहे।

# अवनीश अग्रवाल टांडे वालों को मिली डॉक्टरेट की उपाधि




वेलकम इंडिया महमूद रजा

बिजनौर नजीबाबाद सोक्रेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी दिल्ली द्वारा आयोजित समारोह में नजीबाबाद के प्रमुख उद्योगपति व समाज सेवी तथा अन्य छेत्रों में अपना विशेष योगदान देने जिला बिजनौर में अपना विशिशत स्थान रखने वाले अवनीश अग्रवाल टांडे वाले को डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया।

अमीश अग्रवाल को डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है.उनके साथ उनकी धर्म पत्नी डॉ अंजलि अग्रवाल व बहन अंजलि अग्रवाल,श्वेता अग्रवाल व भाई अमित अग्रवाल ,गौरी अग्रवाल,शशांक गुप्ता, ज्योति गुप्ता, वंश गर्ग,दिया गर्ग,अवनी अग्रवाल, अर्नव अग्रवाल, शीर्ष अग्रवाल, नमन गुप्ता, इशांत गुप्ता उपस्थि रहे।।

# मंदिर में मूर्तियों तक पहुंचा बारिश का पानी

वेलकम इंडिया



**चिलकाना/बड़गांव।** बारिश ने चिलकाना के बस स्टैंड क्षेत्र को जलमग्न कर दिया। बस स्टैंड स्थित देवी बाला सुंदरी के मंदिर के परिसर में देवी के मुख्य मंदिर, शिव मंदिर, ग्राम देवता खेड़ा स्थल, काली प्रतिमा स्थल तथा भैरव बाबा के स्थल पर जलभराव हुआ। निकासी के लिए नालियां छोटी होने के कारण पानी मंदिर में जा घुसा। पुजारी अजय कुमार शर्मा ने बताया कि इस सीजन की यह तीसरी बारिश थी। तीनों बारिश का आसपास का गंदा पानी मंदिर क्षेत्र के अंदर आया है। इस बार बारिश का पानी ज्यादा था, जो देव मूर्तियों तक पहुंच गया। देव मूर्तियां भी गंदे पानी के कारण अपवित्र हुई हैं। कई घंटे की मेहनत के बाद मंदिर परिसर में जमे कूड़ा करकट को हटाया गया है। इसे लेकर श्रद्धालुओं में रोष है। उन्होंने बारिश के पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की मांग की है। बड़गांव सहित आसपास के गांवों में रविवार सुबह करीब साढ़े चार बजे से तेज गर्जना के साथ जोरदार बारिश शुरू हुई जो दो घंटे तक होती रही। बारिश इतनी तेज थी निकासी से लिए बनाए गए नाले का पानी ओवरफ्लो होने के कारण दुकानों में घुस गया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में फेल हुई तो लेकर पहुंची फर्जी नियुक्ति पत्र

वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** फर्जी नियुक्ति पत्र के सहारे पुलिस विभाग में नौकरी पाने की नाकाम कोशिश करने वाली युवती से पुलिस पूछताछ में जुटी है। पता चला है कि युवती ने पुलिस भर्ती परीक्षा में फेल होने के बाद पूरा षड्यंत्र रचा। इसके लिए उसने अन्य सिपाही के नियुक्ति पत्र को एडिट भी किया है, लेकिन वह पुलिस की आंखों में धूल झोंकने में नाकाम रही। पुलिस लाइन में 17 जून से सिपाहियों की आमद हुई थी, जिनकी गणना 21 जून तक चली थी। गणना में पाया गया कि संख्या 251 है, जबकि हकीकत में 250 सिपाही यहां आई थीं। प्राप्त लिस्ट से जब नाम का मिलान किया गया तो मीनाक्षी नाम की पांच महिला आरक्षी पाई गईं। दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई। इसमें आगरा जिले के गांव करनपुरी जैतपुर कलां की रहने वाली मीनाक्षी संदिग्ध मिली। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। पुलिस पूछताछ में युवती ने नियुक्ति पत्र को एडिट करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है। रविवार को आरोपी युवती से महिला थाने में पूछताछ की गई। पूछताछ में युवती ने बताया है कि वह आगरा में एक महिला पुलिसकर्मी मिली थी। उससे पुलिसकर्मी से कहा था कि वह भी उसके जैसा बनना चाहती है। इसके बाद सिपाही भर्ती के लिए मीनाक्षी ने फार्म भरा और पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल हुई, मगर सफलता नहीं मिली। इसके बाद उसने फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार किया। आरोपी ने जिस युवती का नियुक्ति पत्र एडिट कर अपने नाम से तैयार किया।

# भगत सिंह यूनियन ने सीओ को स्मृति चिन्ह किया भेंट



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर।** रविवार को भगत सिंह यूनियन द्वारा नवनियुक्त सीओ मधुप कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा भविष्य में संगठन द्वारा होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर मार्गदर्शन के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर रिजवान सैफी, पवन प्रधान पीतमपुर, लाला प्रधान डडूआ, मोनवीर फौजी, अवनीश शर्मा कौशिक चौधरी, मोनू शर्मा, प्रवीण शर्मा, तुषार सिंह, समीर, प्रवेंद्र कुमार, कौशल ,नवीन ठाकुर आदि कार्यकर्ता शामिल रहें ।

# स्वास्थ्य शिविर: 250 से अधिक लोगों को मिली मुफ्त जांच व इलाज की सुविधा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** श्री पार्श्वनाथ धर्मार्थ चिकित्सालय, कविनगर द्वारा रविवार को एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अपोलो हॉस्पिटल इंद्रप्रस्थ के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। इस शिविर में 250 से अधिक लोगों ने विभिन्न बीमारियों के लिए जांच और परामर्श का लाभ उठाया, जिनमें हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, डेंटल, शुगर और ईएनटी जैसी समस्याएं प्रमुख थीं। शिविर में निःशुल्क ब्लड टेस्ट सहित समुचित चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई गईं। यह शिविर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आशा की किरण बनकर सामने आया, जहां ऐसे लोग भी पहुंचे, जिनके पास निजी डॉक्टर की फीस देने का सामर्थ्य नहीं था। शिविर के मुख्य संयोजक एवं औषधालय महामंत्री आर.सी. जैन ने कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए आए हुए विशेषज्ञ डॉक्टरों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और मरीजों के लिए बेहतरीन व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं। इस आयोजन को सफल बनाने में ऋषि जैन व प्रशांत जैन ने पंजीकरण और डॉक्टरों से जाँच करवाने की प्रक्रिया में पूरी निष्ठा से सहयोग किया। संस्थान के अध्यक्ष आशीष जैन ने इस अवसर पर यह आश्वासन भी दिया कि शिविर में लाभान्वित हुए जरूरतमंद मरीजों का आगे भी इलाज पूर्णतः निःशुल्क किया जाएगा। यह शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवा का अनूठा उदाहरण बना, बल्कि समाज में सकारात्मक और समर्पित समाजसेवा की भावना को भी सशक्त संदेश दिया। आयोजकों ने इस पहल को नियमित रूप से दोहराने का संकेत दिया है ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंच सके।

# पुलिस ने पकड़े चालीस पब्बे, दो जुआरी और एक नाजायज चाकू धारी सभी को भेजा जेल

वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद /बुलंदशहर।** थाना पुलिस ने दो स्थानों से दो नाजायज शराब विक्रेता मय चालीस पब्बे देसी शराब पकड़े। एक स्थान पर जुआ खेलते दो जुआरी रंगे हाथों दबोचे तथा एक युवक को अवैध चाकू सहित बंदी बनाया। सभी अपराधियों को जेल भेजा गया है।

कस्बा चौकी प्रभारी नीटू मलिक ने पवसरा रोड तिराहे ईदगाह के नजदीक यामीन पुत्र मोबीन निवासी पवसरा रोड कस्बा औरंगाबाद को अनाधिकृत रूप से शराब बेचते पकड़ा अभियुक्त के कब्जे से 20पब्बे देसी शराब मिस इंडिया मार्का बरामद किए गए। हैड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार व रामवीर सिंह उनके साथ रहे। उप निरीक्षक शशि कांत गौतम ने उप निरीक्षक जीत सिंह व हैड कांस्टेबल रोहतास कुमार के साथ गश्त के दौरान पवसरा रोड मंडके बाबा मंदिर के निकट से सलीम पुत्र मुंसफ निवासी शहीद गढ़ी औरंगाबाद को बीस पब्बे देसी मिस इंडिया शराब सहित दबोचा। सब इंस्पेक्टर वीरपाल सिंह व सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने मुखबिर की सटीक सूचना पर सईदगढी बाग में जुआ खेलते दो युवकों को दबोचा।

# काईट में हुआ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 का भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**मुरादनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में काइट ग्रुप ऑफ इंइंस्टीटूशन्स द्वारा एक भव्य एवं सार्थक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन इस वर्ष की वैश्विक थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य हेतु योग के अनुरूप किया गया, जिसमें योग के शारीरिक, मानसिक और पर्यावरणीय लाभों को उजागर किया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशाखापट्टनम में आयोजित योग कार्यक्रम के सीधे प्रसारण से हुई। प्रधानमंत्री जी के संदेश ने सभी उपस्थित लोगों को दैनिक जीवन में योग को शामिल करने हेतु प्रेरित किया ।इसके पश्चात परिसर में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योग अभ्यास सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न योग आसनों, प्राणायाम और स्ट्रेचिंग अभ्यास को सम्मिलित किया गया। इस सत्र ने प्रतिभागियों को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन की महत्ता से अवगत कराया ।विश्व कीर्तिमान स्थापित करने हेतु एकेटीयू विश्वविद्यालय के निदेर्शानुसार प्रातः 8:00 से 8:10 बजे तक सूर्य नमस्कार सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सामूहिक सूर्य नमस्कार का उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य और एकता को बढ़ावा देना था ।इसके अतिरिक्त, सहज योग ध्यान सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने आत्मशांति और आत्मबोध का अनुभव प्राप्त किया। इस अभ्यास ने मानसिक शांति, तनाव नियंत्रण और आध्यात्मिक विकास के महत्व को दशार्या ।इस अवसर पर संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. मनोज गोयल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अनुराग गुप्ता, डॉ. अभिनव जुनेजा, निदेशक सीआरपीसी, डॉ. आदेश कुमार पांडे निदेशक अकादेमिक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षगण तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। योग दिवस कार्यक्रम का संचालन योग प्रशिक्षक डॉ. प्रभा सेंगर के नेतृत्व में संपन्न हुआ ।इस कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया ।यह आयोजन संस्थान के स्वास्थ्य, अनुशासन और संपूर्ण विकास के प्रति समर्पण का प्रतीक बना ।काइट ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स स्वस्थ, संतुलित और जागरूक जीवनशैली को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को दोहराता है और भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से वैश्विक स्वास्थ्य एवं सतत विकास के लक्ष्यों में योगदान करता रहेगा।





# मातृभूमि सेवा संघ के पदाधिकारी कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से मिले



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** मातृभूमि सेवा संघ के पदाधिकारियों ने साहिबाबाद में स्थित शहीद मेजर मोहित शर्मा के प्रतिमा स्थल पर सफाई अभियान चलाया। शहीद की प्रतिमा पर संघ के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण और देशभक्ति के नारे लगाकर शहीद को नमन किया। इसके उपरांत मातृभूमि सेवा संघ के पदाधिकारी उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से मिले। प्रदेश सरकार द्वारा शहीदों महापुरुषों के सम्मान विस्तार हेतू किए जा रहे नित नव कार्यों के लिए मातृभूमि सेवा संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित आभार पत्र कैबिनेट मंत्री को सौंपा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मातृभूमि सेवा संघ द्वारा किये जा रहे कार्यों की सरहाना की एवं मुख्यमंत्री को मातृभूमि सेवा संघ के कार्यों से अवगत कराने तथा बलिदानियों के सम्मान में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सुनील शर्मा ने कहा कि शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और देशप्रेम की बदौलत ही देश सुरक्षित है, राष्ट्र शहीदों का सदैव ऋणी रहेगा, इस अवसर पर विकास भारतीय, नीरज शर्मा, आशुतोष सक्सेना, सिद्धार्थ ठाकुर, पवन चौधरी, प्रदीप पांडे उपस्थित रहे।

## पुरानी करेंसी के नाम पर 94 हजार की ठगी, विरोध करने पर साइबर अफसर बन धमकाया

**गाजियाबाद।** सोशल मीडिया की चमक–दमक और पुराने नोटों के बदले मोटी रकम पाने के लालच ने शहर की एक महिला को हजारों की ठगी में फंसा दिया। जालसाजों ने इंस्टाग्राम रील के माध्यम से संपर्क बनाकर महिला से 94 हजार रुपये उड़ा लिए। यही नहीं, जब महिला ने और रकम भेजने से मना किया, तो एक शातिर ने खुद को साइबर क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर घर से गिरफ्तार करने की धमकी तक दे डाली। जगदीशनगर निवासी सिमरन ने बताया कि 20 अप्रैल को उनकी मां सोशल मीडिया पर एक वीडियो देख रही थीं, जिसमें दावा किया गया कि यदि कोई पुराने नोट या करेंसी देगा तो उसके बदले मोटी रकम मिलेगी। वीडियो में दिए गए नंबर पर संपर्क करने पर ठगों ने बातचीत शुरू की और धीरे–धीरे त्तक्र कोड भेजकर कई बार में 94 हजार रुपये ठग लिए। जब महिला को कोई पैसा वापस नहीं मिला और शक गहराया, तब उन्होंने अधिक पैसा भेजने से इनकार कर दिया। यहीं से ठगों का असली चेहरा सामने आ गया। कॉल पर मौजूद व्यक्ति ने खुद को रामज्ञानी बताते हुए साइबर क्राइम ब्रांच का अधिकारी कहा और धमकी दी कि वह अब सीधे महिला को घर से गिरफ्तार करेगा। घबराई हुई पीड़िता ने अपनी बेटी सिमरन को पूरी बात बताई, जिसके बाद सिमरन ने सिहानी गेट थाने पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की शिकायत दी। एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि युवती की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। साइबर सेल की मदद से उन बैंक खातों का ब्योरा जुटाया जा रहा है, जिनमें रकम ट्रांसफर की गई थी। इसके अलावा कॉल डिटेल और डिजिटल पेमेंट डेटा के आधार पर आरोपियों को ट्रेस करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

## गूगल सर्च और 5 रुपये की ट्रिक से उड़ाए पूरे एक लाख रुपये

**गाजियाबाद।** डिजिटल दुनिया में एक छोटी सी लापरवाही किस तरह बड़ी चपत में बदल सकती है, इसका ताजा उदाहरण सामने आया है सिहानी गेट थाना क्षेत्र से। आनंद विहार निवासी भूपेंद्र किशोर को सिर्फ पांच रुपये के नाम पर अपनी मेहनत की एक लाख रुपये की कमाई गंवानी पड़ी। पूरा मामला स्पीड पोस्ट की ट्रैकिंग से जुड़ा है, लेकिन जालसाजों ने इसी बहाने बड़ी डिजिटल ठगी को अंजाम दे डाला। भूपेंद्र किशोर ने अपने गांव के लिए एक जरूरी दस्तावेज स्पीड पोस्ट किया था। 16 मई 2026 को वह उसकी स्थिति जानने के लिए गूगल पर ट्रैकिंग सर्च कर रहे थे, तभी एक फोन कॉल आया। कॉलर ने खुद को स्पीड पोस्ट विभाग से जुड़ा कर्मचारी बताया और कहा कि अगर वे सिर्फ पांच रुपये का ऑनलाइन भुगतान कर दें, तो उनका पोस्ट जल्दी डिलीवर हो जाएगा। भूपेंद्र ने जैसे ही लिंक पर जाकर अपनी डेबिट कार्ड डिटेल डाली, उसके कुछ ही मिनट बाद उसके बैंक खाते से दो बार में एक लाख रुपये कट गए। जब तक वे कुछ समझ पाते, ठग अपना काम कर चुके थे। पीड़ित ने तत्काल सिहानी गेट थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। साइबर सेल की मदद से उन खातों का पता लगाया जा रहा है जिनमें पैसे ट्रांसफर हुए। ठगों के मोबाइल नंबर और अन्य डिजिटल सुरागों को भी खंगाला जा रहा है।

# जिला पंचायत राज अधिकारी का पद ग्रहण करने पर वीरेंद्र यादव को दी शुभकामनाएं

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने वीरेंद्र यादव को मेरठ जनपद के जिला पंचायत राज अधिकारी का पद ग्रहण करने पर उन्हें आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतिनिधि मंडल में ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया , मेरठ मंडल के अध्यक्ष मनोज राणा, गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष रणवीर प्रधान जी , मेरठ के जिला उपाध्यक्ष सेंसर पाल प्रधान जी, जानी ब्लॉक के ब्लॉक उपाध्यक्ष विनोद प्रधान जी और जानी ब्लॉक के कोषाध्यक्ष प्रशांत शर्मा प्रधान उपस्थित रहे।



# मिर्च पाउडर फेंककर लूट की कोशिश, स्कूटी सवार तीन बदमाश फरार

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** दिल्ली-सहारनपुर रोड पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने एक परचून दुकानदार पर मिर्च पाउडर झोंककर लूट की कोशिश की। पीड़ित दुकानदार अखलाक ने बताया कि वह गुरुवार रात लगभग 9 बजे अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तभी चौधरी मैरिज होम के सामने स्कूटी पर आए तीन युवकों ने अचानक उनकी आंखों में मिर्च फेंक दी। घटना के बाद पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े, जिससे हमलावर बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित को तत्काल उपचार के लिए ले जाया गया, वहीं घटना की जानकारी मिलते ही लोनी पुलिस सक्रिय हो गई। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। हालांकि जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि पीड़ित दुकानदार बार-बार अपना बयान बदल रहा है, जिससे पुलिस जांच थोड़ी उलझन में है। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए हैं और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकडें का दावा किया है। यह वारदात क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं की एक और कड़ी बन गई है, जिससे व्यापारियों और राहगीरों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

# कांग्रेस ने आयोजित किया संविधान बचाओ सम्मेलन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओ ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार संविधान के खिलाफ कार्य कर रही है। कार्यकताओं को एकजुट होकर भाजपा की जन विरोधी नीति के बारे में जनता को बताना चाहिए। स

शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन विजयनगर में किया गया। सम्मेलन का संचालन वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा ने तथा अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर बृजेश सेन द्वारा की गई ।बैठक में कांग्रेस के दोनों कोऑर्डिनेटर योगी जाटव प्रवीण कुमार चौधरी उपस्थित रहे। इस मौके पर चांद वीर चौधरी आत्म प्रकाश शर्मा राजकुमार अत्री दिनेश शर्मा निवाड़ी प्रदीप गौड़ अभिनव शर्मा रियासत सैफी, इदरीसी विशाल सेन आदि सैकड़ो कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत निवाड़ी में योग दिवस धूमधाम के साथ मनाया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** नगर पंचायत निवाड़ी में योग दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके नर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी,लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह, संजय त्यागी भाजपा जिला मंत्री ने कहा कि योग हमारे जीवन में अनुशासन, स्फूर्ति और आत्मिक स्थिरता का संचार करता है। योग जीवन की शैली है। यह शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने की प्रक्रिया है। उन्होंने यह भी बताया कि योग न केवल तनाव को दूर करता है, बल्कि हमारे भीतर की सकारात्मक ऊर्जा को भी जागृत करता है। इस मौके पर मुख्य रूप से सत्येंद्र त्यागी,अरुण त्यागी सचिन त्यागी दीपक आचार्य रजनीश त्यागी जितेंद्र त्यागी एडवोकेट विवेक त्यागी एडवोकेट सतीश कुमार प्रमोद शर्मा कपिल मुकेश आदि कस्बा निवासी उपस्थित थे।

# तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में योग दिवस उत्साह के साथ मनाया

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस सप्ताह के दौरान विद्यालय में अनेक प्रेरणादायक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्थानीय गणमान्य जनों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने पोस्टर और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भाग लेकर योग के प्रति अपने विचारों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त पोस्टर व निबंध लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से उन्होंने योग के महत्व, प्रभाव और जीवन में उसकी उपयोगिता पर गहन चिंतन व्यक्त किया। सप्ताह के अंतिम दिन एक विशेष योग सत्र का आयोजन सेवानिवृत्त एयर फोर्स अधिकारी योगाचार्य खेम राज आर्य के मार्गदर्शन में हुआ, जिन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराते हुए योग के मानसिक और शारीरिक लाभों को सरल भाषा में समझाया। इस सत्र में योग शिक्षक देवेंद्र चैधरी का सहयोग सराहनीय रहा। विद्यालय के शिक्षकों ने इस सत्र में सक्रिय सहभागिता निभाई और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।इस अवसर पर विनोद महेश्वरी, गौरव माहेश्वरी एवं श्रीमती राधिका माहेश्वरी ने कहा योग जीवन की शैली है। यह शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने की प्रक्रिया है ।" उन्होंने यह भी बताया कि योग न केवल तनाव को दूर करता है, बल्कि हमारे भीतर की सकारात्मक ऊर्जा को भी जागृत करता है ।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने कहा योग हमारे जीवन में अनुशासन, स्फूर्ति और आत्मिक स्थिरता का संचार करता है।



# श्री हंस इंटर कॉलेज में योग दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर, कृष्णा इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग, किसान नेशनल इंटर कॉलेज मुरादनगर, के एनसीसी कैडेट ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार ने सभी छात्र छात्राओं व अध्यापकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। योगाचार्य प्रमोद कुमार ने सभी को प्राणायाम, सूर्य नमस्कार ,भस्त्रिका कपालभाति, अनुलोम विलोम, आदि योग का अभ्यास कराया। व योग के द्वारा हम किस प्रकार रोगों को दूर कर अपना जीवन खुशहाल बना सकते हैं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार, लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार शर्मा, रविंद्र कुमार, अखिलेश कुमार ,राम कुमार शर्मा, राजकुमार, सुनील कुमार शर्मा, प्रमोद कुमार, संजीव कुमार, रोबिन कुमार ,सुमित कुमार, ताज मोहम्मद, शिवकुमार, मोहम्मद अशफाक ,रिंकेश कुमार वर्मा, सुनील चौधरी, सचिन कुमार, जयंती मठपाल ,हेमलता शर्मा, नीलम शर्मा, दिनेश बाबूजी आदि लोग उपस्थित रहे।



# पुलिस अब भय नहीं, भरोसे का नाम है जनता के प्रहरी की नई परिभाषा

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट ने पुलिस आयुक्त जे. रविन्द्र गौड़ के नेतृत्व में मई 2025 से जून 2025 के मध्य कानून व्यवस्था, पारदर्शी पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश की है। जन शिकायतों पर संवेदनशीलता, पारदर्शी रिपोर्टिंग, सख्त अपराध नियंत्रण और जवाबदेही से पुलिस की छवि में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। पुलिस द्वारा जनसामान्य को दी जा रही सेवाओं को सुगम और भरोसेमंद बनाने के प्रयास अब परिणाम देने लगे हैं। इसका प्रमाण है 25,000 से अधिक प्रकरणों पर ली गई जन प्रतिक्रिया, जिसमें पुलिस के खिलाफ शिकायतें नाममात्र ही पाई गईं। 1 मई से 15 जून 2025 के बीच कुल 12094 प्राथमिक सत्यापन कार्यवाही पूरी की गई, जिनमें से 3691 आवेदनों पर फीडबैक प्राप्त हुआ और मात्र 3 में ही पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई। भर्ती और चरित्र सत्यापन से संबंधित सैकड़ों मामलों में एक भी शिकायत सामने नहीं आई। किरायेदार सत्यापन, घरेलू सहायकों और कर्मचारियों के सत्यापन जैसे कुल 3488 मामलों में भी पुलिस का आचरण पूर्णतः संतोषजनक रहा। एफआईआर की प्रतियां घर पहुंचाकर देने के क्रम में 1437 मामलों में बीट अधिकारी खुद पीड़ितों के घर पहुंचे और केवल एक ही पुलिसकर्मी के खिलाफ शिकायत मिली। न्यायालय के आदेशों के पालन में 461 शिकायतकताओं से प्रतिक्रिया ली गई, जिनमें से केवल एक में असंतोष प्रकट किया गया। पुलिस कमिश्नरेट द्वारा अपराध नियंत्रण के मोर्चे पर भी उल्लेखनीय कार्य किया गया। अप्रैल से जून 2025 के बीच पुलिस ने 70 अभियुक्तों को विभिन्न संगीन मामलों में गिरफ्तार किया।

पुलिस मुठभेड़ों में 50 अपराधियों का सामना हुआ, जिनमें से 62 को मौके पर गिरफ्तार किया गया। थाना कविनगर और टीला मोड़ क्षेत्र में हुई लूट की घटनाओं में शामिल नौ अपराधियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर 16.55 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति और वाहन बरामद किए गए। 18 जून को थाना मुरादनगर में हुई हत्या के मामले में दोनों आरोपियों को मुठभेड़ में घायल कर पकड़ा गया, जिनके पास से पिस्टल भी जब्त की गई। सिर्फ गिरफ्तारी नहीं, बल्कि अपराधियों पर निरोधात्मक कार्यवाही में भी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया। गुंडा एक्ट के अंतर्गत 89 कार्यवाहियां की गईं, 90 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया, 1135 अपराधियों की जमानत के बाद निगरानी रखी गई, और 1000 से अधिक अपराधियों के डोजियर तैयार किए गए। 31 कुख्यात अपराधियों को जिला बदर कर कमिश्नरेट सीमा से बाहर भेजा गया और उनकी सूचना सार्वजनिक की गई। अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर उनके ठिकानों को ध्वस्त करने की प्रक्रिया भी तेज की गई है। शातिर अपराधियों के नेटवर्क को तोड़े के लिए 10 वर्ष से अधिक समय से सक्रिय अपराधियों का विस्तृत डेटा तैयार किया गया है।

# दरोगा के नाम से फजीवाड़ा: खाता बंद कराने के लिए जालसाजी

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** राजधानी से सटे गाजियाबाद में कानून के रखवाले ही जब कानून की गर्दन मरोडे लगें, तो सवाल केवल किसी एक विभाग पर नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की साख पर उठते हैं। ताजा मामला कविनगर थाना क्षेत्र का है, जहां गाजियाबाद से तबादला हो चुके एक दरोगा रामपाल सिंह के नाम और फर्जी हस्ताक्षर का इस्तेमाल करते हुए एक महिला का बैंक खाता बंद करा दिया गया। मामला सतह पर तब आया जब खुद रामपाल सिंह, जो अब गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट में तैनात हैं, को इस फजीवाड़े की भनक लगी। उन्होंने जब प्रार्थना-पत्र और दस्तावेज देखे, तो पाया कि न वह पत्र उन्होंने लिखा था, न ही

- **गौरतलब है कि इस प्रकार की साजिश, वह भी वदीधारी के नाम पर, न केवल एक गहरी प्रशासनिक विफलता का संकेत है, बल्कि इससे आम जनता का पुलिस पर से विश्वास भी डगमगाता है।**

उस पर किए गए हस्ताक्षर उनके थे। दरअसल, प्रेषित प्रार्थना-पत्र में 15 मई 2025 को सुमन देवी नामक महिला के खाते को बंद कराने की बात दर्ज थी, जबकि रामपाल सिंह ने 1 मई 2025 को ही गाजियाबाद से रवानगी ले ली थी। कविनगर पुलिस ने बैंक की सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू की और हैरानी की बात यह रही कि एक अन्य दरोगा कैमरे में कैद मिला, जिसने संभवतः यह फजीवाड़ा अंजाम दिया। पुलिस सूत्रों की मानें तो साजिश कविनगर थाने के अंदर से ही रची गई, जिससे पूरे विभाग की छवि पर आंच आई है। एसीपी भास्कर वर्मा ने स्पष्ट किया है कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और दोषी पाए जाने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

गौरतलब है कि इस प्रकार की साजिश, वह भी वदीर्धारी के नाम पर, न केवल एक गहरी प्रशासनिक विफलता का संकेत है, बल्कि इससे आम जनता का पुलिस पर से विश्वास भी डगमगाता है। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर दिखा दिया है कि पुलिस तंत्र को भी आबकारी विभाग की तरह ऑपरेशन मोड में आने की जरूरत है, जहां न सिर्फ तस्करों की कमर तोड़ी जाती है, बल्कि विभागीय अनुशासन का पालन करने वालों को भी जवाबदेह बनाया जाता है।

## 25 जून को यूपी महिला आयोग की सदस्य करेंगी सुनवाई

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक और निर्णायक कदम उठाया है। आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल 25 जून को गाजियाबाद जिले की मोदीनगर और लोनी तहसीलों में महिलाओं से जुड़ी शिकायतों की जनसुनवाई करेंगी। यह जनसुनवाई महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उन हजारों महिलाओं की उम्मीद बनकर सामने आ रही है, जो वर्षों से अन्याय, उत्पीड? और प्रशासनिक उपेक्षा की मार झेल रही हैं। डॉ. अग्रवाल का यह दौरा एक स्पष्ट संदेश है कि अब महिला आयोग कागजों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन पर उतरकर समस्याएं सुलझाने को तैयार है। सुबह 11 बजे तहसील मोदीनगर में और दोपहर 2 बजे तहसील लोनी में आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड?, संपत्ति विवाद, कार्यस्थल पर शोषण, विवाह संबंधी विवाद और अन्य सामाजिक एवं कानूनी समस्याओं को महिलाएं सीधे आयोग की सदस्य के सामने रख सकेंगी। खास बात यह है कि कार्यक्रम में मौजूद महिला आयोग की सदस्य मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश देंगी, जिससे समाधान प्रक्रिया तत्काल शुरू हो सके। डॉ. हिमानी अग्रवाल का यह दौरा न केवल प्रशासनिक जागरूकता का प्रतीक है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि महिलाएं अब चुप रहने के लिए नहीं, सवाल करने और न्याय पाने के लिए खड़ी हो रही हैं। आयोग की यह पहल ऐसे वक्त में सामने आई है जब समाज में महिला सशक्तिकरण की लहर स्पष्ट दिख रही है, लेकिन प्रशासनिक सहारे और संवेदनशील कार्रवाई की दरकार अब भी बाकी है। आयोग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि कार्यक्रम की सूचना पहले से प्रसारित की जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं इसका लाभ उठा सकें। इच्छुक महिलाएं अपनी शिकायत का लिखित प्रार्थना पत्र साथ लेकर समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंच सकती हैं। राज्य महिला आयोग अब कागजी प्रक्रिया से आगे बढ़कर ऑन-स्पॉट समाधान मॉडल को प्राथमिकता दे रहा है। जैसा आबकारी विभाग अवैध शराब के खिलाफ जमीनी स्तर पर छापेमारी और निरंतर चेकिंग से कार्यवाही करता है, उसी तरह महिला आयोग भी अब न्यायिक प्रक्रियाओं को लोगों की चौखट तक लाने के लिए सक्रिय हो गया है।

## शहर की पॉश कॉलोनियां जानवरों के कब्जे में, बच्चों और बुजुर्गों पर हमले बढ़े

**गाजियाबाद।** एक तरफ स्मार्ट सिटी का सपना, दूसरी तरफ कॉलोनियों में लावारिस कुत्तों और बंदरों का खौफ गाजियाबाद के कई रिहायशी इलाके इन दिनों जानवरों के आतंक से बेहाल हैं। पटेल नगर, लोहिया नगर, गोविंदपुरम, अकबरपुर बहरामपुर, शास्त्रीनगर और चिरंजीव विहार जैसे क्षेत्र आए दिन कुत्तों और बंदरों के हमलों का शिकार हो रहे हैं, लेकिन अब तक न तो कोई प्रभावी कार्यवाही हुई है, और न ही कोई स्थायी समाधान। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह–शाम कॉलोनियों में घूमना अब जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। शास्त्रीनगर के महिपाल शर्मा बताते हैं कि कुत्ते झुंड में रहते हैं और बच्चों–बुजुर्गों को निशाना बनाते हैं। वहीं अवंतिका निवासी कपिल कुमार का कहना है कि बंदर घरों के बाहर रखे सामान को नुकसान पहुंचा रहे हैं, गमले तक तोड़ दिए गए हैं। नगर निगम की ओर से न तो कुत्तों की नसबंदी अभियान में तेजी दिखाई दे रही है, और न ही बंदरों को पकड ? की कोई ठोस व्यवस्था की गई है। इस विकराल समस्या ने साफ कर दिया है कि गाजियाबाद में शहरी विकास योजनाएं जमीनी हकीकत से कोसों दूर हैं। जिन कॉलोनियों में पहले लोग सुकून और सुरक्षा की उम्मीद लेकर घर बसाते थे, वहां अब हर दरवाजे पर डर पहरा दे रहा है।

## 465 करोड़ का बकाया, अब नहीं चलेगा बहाना, जमा नहीं किया पैसा तो होगी सख्त कार्रवाई

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अब राजस्व वसूली के मोर्चे पर निर्णायक रुख अख्तियार कर लिया है। शहर में ऐसे 8,294 बकायेदार हैं, जिन पर कुल 465 करोड़ रुपये से अधिक की राशि बकाया है। अब जीडीए ने इन सभी को नोटिस भेजना शुरू कर दिया है और चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा में पैसा जमा नहीं हुआ तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जीडीए के संपत्ति अनुभाग द्वारा इन बकायेदारों को चिन्हित कर क्रमबद्ध रूप से नोटिस जारी किए जा रहे हैं। विभाग का साफ कहना है कि बार–बार चेतावनी के बावजूद भुगतान नहीं करने वालों को अब छूट नहीं दी जाएगी। जीडीए अधिकारियों के अनुसार यह मुहिम सिर्फ कागजी नहीं, बल्कि प्रभावी और कठोर कार्रवाई के इरादे से शुरू की गई है। कई बकायेदार सालों से बकाया राशि अदा नहीं कर रहे, जिससे प्राधिकरण की परियोजनाओं और विकास कार्यों पर भी असर पड़ा है। अब प्राधिकरण को वित्तीय संबल देने के लिए यह मुहिम जरूरी मानी जा रही है। जो बकायेदार अब भी चुप्पी साधे बैठे हैं, उनके खिलाफ कुर्की, संपत्ति सीलिंग और नाम प्रकाशन जैसी कठोर कार्रवाइयों की तैयारी है। इस अभियान ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अब ठोस परिणाम चाहता है, आश्वासन नहीं। यदि सभी बकायेदार समय रहते बकाया जमा कर दें तो शहर की कई अधूरी पड़ी योजनाएं गति पकड़ सकती हैं।

## शराब के नशे में पति को पीटकर छोड़ा

**गाजियाबाद।** मेरठ से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति को जबरन शराब पिलाकर पीटा गया और गंगनहर किनारे फेंक दिया गया। पीड़ित ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें जबरन शराब पिलाने और जानलेवा हमला करने का मामला शामिल है। यह मामला न केवल पारिवारिक विश्वासघात का उदाहरण है, बल्कि शराब जैसी नशे की वस्तु के दुरुपयोग की भी एक भयावह तस्वीर पेश करता है। बुलंदशहर जिले के शिकारपुर निवासी प्रशांत तोमर, जो मेरठ के एक होटल में सुरक्षा गार्ड के तौर पर कार्यरत हैं, ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी की यह दूसरी शादी है और हाल ही में उसके संबंध फिर से उसके पूर्व प्रेमी से जुड़ गए थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो पत्नी ने साथ रहने से इनकार कर दिया और प्रशांत मायूस होकर अपने गांव लौट गए। कुछ दिन पहले जब वे मेरठ अपने सामान लेने वापस आए तो पत्नी और उसके प्रेमी ने उन्हें बुलाया और वहां उन्हें जबरन शराब पिलाई गई।

# आधार और आंखों की जांच जनसेवा शिविर में सैकड़ों को मिला लाभ

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जन सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद द्वारा डाक विभाग के सहयोग से एवं गाजियाबाद सदर विधायक संजीव शर्मा के निर्देशन में सरस्वती शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, वार्ड नंबर 1, बाबू विजयनगर में एक विशेष आधार कार्ड और नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में सैकड़ों स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया और अपनी आधार कार्ड संबंधी सेवाओं एवं आंखों की जांच का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन स्वयं विधायक संजीव शर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, उत्तर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय और सचिन डेढ़ा मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के क्रॉसिंग मंडल अध्यक्ष आशु गुर्जर, वार्ड नंबर 1 के पार्षद धर्मेंद्र नागर, और कॉलेज के डायरेक्टर अमित शर्मा ने मिलकर शानदार आयोजन सुनिश्चित किया। सभी गणमान्य अतिथियों का पारंपरिक रूप से माल्यार्पण, पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस शिविर में श्रेया आई सेंटर, इंदिरापुरम की ओर से नागरिकों के लिए मुफ्त नेत्र परीक्षण की सुविधा दी गई। साथ ही 18 वर्ष तक के लोगों के नए आधार कार्ड बनाए गए, और पहले से बने कार्डों में संशोधन एवं सुधार की सेवाएं भी दी गईं। सुबह से शाम तक कुल 155 लोगों ने नेत्र परीक्षण कराया, जबकि 125 नागरिकों के आधार कार्ड संबंधी कार्यवाही (नवीन/संशोधन) पूरी की गई। नागरिकों ने इस पहल की खुले दिल से सराहना की। राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा बताया गया कि विगत चार महीनों से आधार केंद्रों पर लंबी कतारों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर ऐसे चलित शिविर (मोबाइल कैंप) लगाए जाएंगे ताकि आम जनता को तत्काल और सरल सेवा मिल सके। शिविर में विशेष रूप से उपस्थित लोगों में विधायक संजीव शर्मा, बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, श्रेया आई सेंटर से डॉ. विकास वीरवाल, डाक विभाग की टीम, रिटायर्ड ढ्ढस्- ओमवीर वीरवाल, मनोज कुमार, चंद्रगुप्ता, आशु गुर्जर, धर्मेंद्र नागर, अमित शर्मा, अरविंद चौधरी, सत्येंद्र शर्मा, चौधरी रोहतास मावी, अजय राठौर, अजय राजपूत, हिमांशु प्रजापति, रितेश शर्मा, सौरभ यादव, आशु पंडित, बलप्रीत, बृजेश कुमार, अनिल कुमार, तसीम खान और मोनू कुमार जैसे अनेक प्रमुख लोग शामिल रहे। शिविर के अंत में आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस प्रकार के शिविरों से जुडे और सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने की अपील की। स्थानीय प्रतिनिधियों ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी इसी तरह के सेवा शिविर लगातार लगाए जाते रहेंगे, ताकि हर नागरिक तक जरूरी सेवाएं समय पर पहुंचाई जा सकें।

# मोदीनगर को मिलेगा टाउन हॉल का तोहफा, शासन ने दी मंजूरी, जल निगम करेगा कार्य

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद।** मोदीनगर के नागरिकों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित टाउन हॉल की सौगात अब साकार होने जा रही है। शासन स्तर से इस बहुप्रतीक्षित योजना को हरी झंडी मिल चुकी है और निर्माण कार्य के लिए सारी विभागीय औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। नगरपालिका मोदीनगर द्वारा गोविंदपुरी में महर्षि दयानंद स्कूल के पीछे 1500 गज भूमि पर टाउन हॉल बनाने के लिए स्थल चिह्नित कर लिया गया है। इसके लिए मिट्टी की जांच, पैमाइश, नक्शा और रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है। पूरी योजना को नगर विकास की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

नगरपालिका की ओर से इस निर्माण कार्य पर लगभग 3.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जल निगम को इस परियोजना का कार्यदायी संस्थान नियुक्त किया गया है और उम्मीद है कि आगामी एक महीने के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। टाउन हॉल के निर्माण से मोदीनगरवासियों को बड़े आयोजनों के लिए किसी अन्य शहर या निजी स्थानों पर भटकना नहीं पड़ेगा। सरकारी बैठकों, सामाजिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक आयोजनों और अन्य सामूहिक गतिविधियों के लिए यह टाउन हॉल एक अत्यंत उपयोगी केंद्र बनेगा। इस बहुप्रतीक्षित योजना को लेकर नगर के लोगों में उत्साह का माहौल है। वर्षों से नगरवासी टाउन हॉल की मांग कर रहे थे और अब उनके इस इंतजार का सुखद अंत होने जा रहा है। नगरपालिका ने न केवल स्थान उपलब्ध कराया है, बल्कि पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेते हुए बजट की भी व्यवस्था सुनिश्चित की है। इसके साथ ही उपयोग के लिए शुल्क निर्धारित किया जाएगा, ताकि संचालन व्यवस्थित रह सके। टाउन हॉल में बड़ा सभागार तो होगा ही, साथ ही बैठक कक्ष और आवश्यक कमरे भी बनाए जाएंगे, जिससे यह बहुउद्देश्यीय केंद्र बन सके। इस बारे में अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र ने बताया कि टाउन हॉल को लेकर सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं और जल निगम शीघ्र ही कार्य प्रारंभ करेगा। चेयरमैन विनोद वैशाली ने भी बताया कि यह केवल एक शुरूआत है, आने वाले समय में मोदीनगर में कई और बड़े विकास कार्य शुरू होंगे।

नगरपालिका की यह पहल केवल निर्माण कार्य नहीं है, यह शहर की सामाजिक और प्रशासनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक दूरदर्शी निर्णय है। मोदीनगर के नागरिकों को एक ऐसा सार्वजनिक मंच मिलने जा रहा है, जो उन्हें सशक्त, संगठित और सुविधा सम्पन्न बनाएगा।

## प्लॉट के नाम पर 32 लाख की ठगी, संपत्ति के लिए भरोसे का सौदा बना धोखा

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र में पारिवारिक विश्वास को तार-तार कर देने वाला एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला से प्लॉट दिलाने के नाम पर 32 लाख रुपये की ठगी की गई। हैरानी की बात यह है कि महिला ने यह गंभीर आरोप अपने ही माता-पिता और भाई पर लगाए हैं। महिला का कहना है कि परिजनों ने अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर संपत्ति हड़पने की साजिश रची, और विरोध करने पर उसे गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी तक दी गई। मूल रूप से संगम पार्क मकनपुर की निवासी पीड़िता शशि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति धीरज कुमार एक व्यवसायी हैं। वर्ष 2018 में शशि की मां संतोष देवी, पिता सोहनलाल और भाई जितेंद्र ने उन्हें बताया कि कविनगर निवासी मनोज माहेश्वरी के पास मकनपुर में मुख्य मार्ग से सटे तीन प्लॉट हैं, जिनमें से कोई एक दिलवाया जा सकता है। इसके लिए प्लॉट का सौदा 44 लाख रुपये में तय करने की बात कही गई। परिजनों के कहने पर शशि ने पति से अपने संगम विहार वाले मकान को बेचकर प्लॉट खरीदने को कहा, लेकिन पति धीरज ने सिर्फ प्लॉट नंबर 7, खसरा संख्या 964 खरीदने की सहमति दी। शशि ने मनोज कुमार को 12 लाख रुपये देकर नोटराइज मुक्तारनामा अपने पति के नाम करा लिया, लेकिन दस्तावेज पर कब्जा माता-पिता और भाई ने कर लिया। इसके बाद उन पर बाकी दो प्लॉट (नंबर 1 और 8) खरीदने का दबाव बनाया गया। मजबूरी में शशि ने अपना मकान 45 लाख रुपये में बेच दिया और आरोपितों को दो लाख नकद तथा 30 लाख रुपये का चेक सौंपा। रजिस्ट्री कराने का भरोसा दिलाकर रकम लेने के बाद परिजनों ने प्लॉट अपने नाम करा लिए और शशि को अंधेरे में रखा गया। 27 मार्च 2022 को स्थिति तब और स्पष्ट हुई जब दिल्ली निवासी आसाराम कुछ लोगों के साथ मौके पर पहुंचा और खुद को प्लॉट का मालिक बताते हुए निर्माण में तोडफोड़ शुरू कर दी।

# किसान समृद्धि योजना का बड़ा ऐलान: दो सौ गायों पर मिलेगा दो करोड़ तक अनुदान

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने रविवार को जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन में गौआश्रय स्थलों की गहन समीक्षा बैठक की। इस महत्वपूर्ण बैठक में ग्राम्य विकास, शहरी विकास, राजस्व, पंचायती राज और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गौवंश से संबंधित केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए, ताकि वास्तविक जरूरतमंद लाभांवित हो सकें और गौवंश का संरक्षण प्रभावी रूप से हो सके। बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत जनपद गाजियाबाद में अब तक 680 लाभार्थियों को कुल 1165 गौवंश सुपुर्द किए गए हैं। समीक्षा के पश्चात पत्रकारों से बातचीत में श्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों की आमदनी को दोगुना करने के लिए जो योजनाएं लागू की गई हैं, उनमें से किसान समृद्धि योजना अत्यंत प्रभावशाली है। इस योजना के अंतर्गत अब एक अच्छी नस्ल की गाय पालने पर चालीस हजार रुपए की सहायता और दो सौ गायें पालने पर दो करोड़ रुपए तक की अनुदान राशि दी जाएगी। यह योजना केवल पशुपालन को बढ़ावा नहीं देती, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की आर्थिक संरचना को भी मजबूत बनाती है। मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार गाय पालने वालों को निःशुल्क गायें भी प्रदान कर रही है और साथ ही उन्हें पालन-पोषण के लिए आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। सरकार कृत्रिम गभाधान के माध्यम से देशी गायों की नस्लों में सुधार लाने का कार्य कर रही है। इसके साथ ही बछड़ों का बधियाकरण, पशुओं का नियमित टीकाकरण और निराश्रित गौवंशों की चिकित्सा व्यवस्था को भी सरकार ने अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है। गौवंश की देखभाल, सुरक्षा और पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में कुल 520 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां सक्रिय हैं, जो घायल या बीमार पशुओं की सेवा के लिए तैनात हैं। किसी भी पशु की बीमारी या उपेक्षा की स्थिति में जनता 1962 टोल-फ्री नंबर पर सूचना दे सकती है। श्री धर्मपाल सिंह ने स्पष्ट किया कि सरकार की जिम्मेदारी है कि कोई भी गौवंश सड़कों पर बेसहारा न दिखे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोचर भूमियों की पहचान कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और गौशालाओं में चारे-पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि सरकार न केवल गायों बल्कि बकरी पालन, मुर्गी पालन और सुअर पालन को भी प्रोत्साहन दे रही है, ताकि पशुपालकों को वैकल्पिक आय के अवसर मिल सकें।